




दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अख़बार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, सोमवार, 15 सितम्बर, 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:


# एनिमल लवर्स गाय को जानवर नहीं मानते: पीएम मोदी

## पिछले दिनों कुछ एनिमल लवर्स से मिला, हमारे देश में ऐसे बहुत एनिमल लवर्स हैं और विशेषता है कि वे गाय को एनिमल नहीं मानते

**नई दिल्ली**
देश भर में आवारा कुत्तों पर विवाद के बीच पीएम मोदी ने एनिमल लवर्स पर चुटकी ली। उन्होंने 12 सितंबर को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं पिछले दिनों कुछ एनिमल लवर्स से मिला। हमारे देश में ऐसे बहुत एनिमल लवर्स हैं और विशेषता है कि वे गाय को एनिमल नहीं मानते। पीएम की बातों पर कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और हॉल में बैठे लोग ठहाके लगाकर हंसने लगे। प्रधानमंत्री भी मुस्कुराने लगे और लोगों से उन्होंने पूछा- क्यों, आपको हंसी आ गई? पूरे वाकिये का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय इलाकों से सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। इस आदेश का देश भर में डॉग लवर्स ने सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक विरोध किया था। 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश पलट दिया। कोर्ट ने फैसले में संशोधन करते हुए आक्रामक या पागल कुत्तों को छोड़कर, सभी आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीका लगाने के बाद वापस वहीं छोड़ने का आदेश दिया, जहां से उन्हें पकड़ा गया था।



### पीएम मोदी ने गायों के लिए किए कई काम

2014 से सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने गायों की सुरक्षा के लिए कई काम किए हैं। 2019 में राष्ट्रीय कामधेनु आयोग बनाया गया। यह आयोग गायों के संरक्षण और विकास के लिए काम करता है।

**आवारा कुत्तों पर क्या था सुप्रीम कोर्ट का आदेश?**
सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कुत्ते काटने और रेबीज के मामले बढ़ रहे हैं। इस आदेश का एनिमल एक्टिविस्ट ने विरोध किया। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश बदल दिया। कोर्ट ने कहा कि कुत्तों को स्टेरलाइज किया जाए, टीका लगाया जाए और वापस वहीं छोड़ दिया जाए। रेबीज या आक्रामक होने पर ऐसा नहीं किया जाएगा।

## पीएम आवास में गाय पालते हैं प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री मोदी खुद एक गौ प्रेमी हैं। वे दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास में भी गाय पालते हैं। उन्होंने कई बार अपने आवास पर गायों के साथ समय बिताते पलों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। पीएम मोदी ने जनवरी 2024 में, मकर संक्रांति पर पुंगनूर (गाय का ब्रीड) गायों को चारा खिलाते हुए अपना एक वीडियो साझा किया था। पुंगनूर छोटी कद की, बैलों की तरह दिखने वाली गायों की एक भारतीय नस्ल है। इनकी ऊंचाई औसतन 3 से 5 फीट और वजन 115 से 200ं तक होता है।

14 सितंबर, 2024 को प्रधानमंत्री मोदी ने पर बताया था कि उनके आवास पर एक गाय ने एक बछिया को जन्म दिया है, जिसके माथे पर 'प्रकाश का प्रतीक' है। पीएम ने बछड़े का नाम दीपज्योति रखा था, जिसका मतलब है 'दीपक की रोशनी'।

मोदी सरकार ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद गौ संरक्षण के लिए कई पहल शुरू की हैं। उन्होंने 2019 में राष्ट्रीय कामधेनु आयोग की स्थापना की थी। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले फ्ङअकी स्थापना गायों और उनकी संतानों के संरक्षण, सुरक्षा और विकास के लिए की गई थी।

## हिमाचल में व्यापक वर्षा, चंबा में नेशनल हाइवे धंसा



**शिमला**
हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की कहर भरी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार बीती रात से सुबह तक राज्य के कुछ स्थानों में जोरदार वर्षा दर्ज की गई। कांगड़ा जिले के धर्मशाला में सर्वाधिक 232 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। पालमपुर में 126 मिलीमीटर, मंडी जिले के मुरारी देवी क्षेत्र में 79 मिलीमीटर और सुंदरनगर व जोगिंदरनगर में 77 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई। राजधानी शिमला में भी रात को झमाझम बारिश हुई और सुबह से बादलों का डेरा बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। मौसम विभाग ने आज रविवार को भी सात जिलों हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेताया है कि इन जिलों में तेज बारिश के साथ अंधड़ और बिजली गिरने की संभावना है। हालांकि 15 से 20 सितम्बर तक मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने और राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जताया गया है। भारी बारिश और भूस्खलन ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सिरमौर जिले में हरिपुरधार-सोलन मार्ग भारी भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है। वहीं चंबा जिले के डलहौजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैली नामक स्थान पर पठानकोट-चंबा नेशनल हाइवे का एक हिस्सा धंस गया। इस दौरान एक ट्रक और दो बाइक नीचे जा गिरी, हालांकि गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

## उत्तराखंड के चार जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट

**देहरादून**
उत्तराखंड में मौसम विभाग ने आज राज्य के देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर व नैनीताल जिले में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। शेष ज़िलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व तीव्र बारिश की संभावना है। उत्तराखंड में शनिवार रात से बारिश जारी है। बारिश के चलते टिहरी जिले में चम्बा-ऋषिकेश मार्ग बगडधार के पास मार्ग, नरेंद्रनगर-रानीपोखरी मार्ग व यमुनापुल के पास अवरुद्ध है। गंगोत्री व यमुनोत्री हाईवे भी मलबा आने से बंद है। बागेश्वर जिले में बारिश से 6 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद है। मौसम की चेतावनी को देखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री ने की कृषि विभाग की समीक्षा

**भोपाल**
कृषि आधारित उद्योगों के प्रचार-प्रसार के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा आपसी तालमेल से बहुउद्देशीय कृषि मेले आयोजित किए जाएं। इन मेलों में किसानों को उनकी फसल सहित अन्य सहायक उत्पादों के लाभयुक्त विक्रय एवं मार्केटिंग की जानकारियां भी दी जाएं। धार जिले के भैंसोला गांव में निर्मित हो रहे पीएम मित्रा पार्क से प्रदेश के कपास और रेशम उत्पादक किसानों की जीवन रेखा बदल जाएगी। ये बातें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहीं। वे मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्?होंने कहा, पीएम मित्रा पार्क से प्रदेश के छह लाख से अधिक कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलने के साथ एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मित्रा पार्क में निवेश करने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियों ने रुचि व्यक्त की है। जिस तेजी से पीएम मित्रा पार्क में निवेश के लिए कंपनियां आ रही हैं, यह हमें और बेहतर करने के लिए उत्साहित करता है। डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क बनने से मालवा क्षेत्र के किसानों द्वारा उत्पादित कपास की खपत लोकल लेवल पर ही हो जाएगी। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा और रॉ-मैटेरियल सप्लाई की एक पूरी चैन तैयार होगी।

## सरकार ने नए नियमों के तहत अप्रेंटिसशिप स्टायपेंड बढ़ाया, अब मिलेंगे 10 हजार से ज्यादा

**नई दिल्ली**
अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अप्रेंटिसशिप स्टायपेंड 6,800 रुपये से बढ़कर 12,300 रुपये प्रति माह कर दिया है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने प्रशिक्षुता नियम, 1992 में महत्वपूर्ण बदलावों को अधिसूचित किया है।

इन बदलावों से डिग्री अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने, दूरस्थ या वर्चुअल अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण, क्षेत्रीय बोर्डों का विस्तार, उद्योगों का व्यापक कवरेज और मानक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए समावेशिता सुनिश्चित करने जैसे सुधार भी सामने आएंगे। यह अधिसूचना कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी की अध्यक्षता में हुई 38वीं केंद्रीय अप्रेंटिसशिप परिषद की बैठक के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें युवाओं और नियोक्ताओं को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करने हेतु नियमों में बदलावों को मंजूरी दी गई थी।



## नक्सलियों के चंगुल से मुक्त करेर्गुट्टा पहाड़ी पर बनेगा जंगल वारफेयर कॉलेज

**नई दिल्ली/बीजापुर**
छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले की करेर्गुट्टा पहाड़ी, जो कभी नक्सलियों का सबसे सुरक्षित गढ़ मानी जाती थी, इसी पहाड़ी पर जल्द ही देश का दूसरा जंगल वारफेयर कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इस कॉलेज में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (उफ्ढत्र्), छत्तीसगढ़ पुलिस, ऊफ्र् कोबरा और अन्य सशस्त्र बलों को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। इसका निर्माण केंद्र सरकार करेगी, जबकि एप्रोच रोड और अन्य बुनियादी सुविधाएं राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। प्रदेश में इससे पहले साल 2004 में कांकेर में काउंटर टेररिज्म एंड जंगल वारफेयर कॉलेज खोला गया था। करेर्गुट्टा पहाड़ी पर बनने वाला यह नया केंद्र नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करेगा। यह वही इलाका है जिसे इसी वर्ष सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराया है। 21 अप्रैल 2025 को शुरू हुए ऑपरेशन के दौरान 21 दिन तक चली कार्रवाई में 31 नक्सली ढेर हुए। सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों ने 214 बंकरों को ध्वस्त कर दिया और माओवादियों की करीब चार तकनीकी इकाइयों को भी नष्ट कर दिया। यह अभियान अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिना जा रहा है। करेर्गुट्टा पहाड़ी रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। लगभग 900 मीटर ऊंची इस दुर्गम पहाड़ी में सैकड़ों गुफाएं हैं, जिन्हें नक्सली लंबे समय से अपने कैंप और हथियार बनाने की इकाइयों के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। यही कारण है कि इसे नक्सलियों की ह्राजधानीह्व तक कहा जाता था। हाल ही में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यहां चलाए गए ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में शामिल जवानों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।



## खून और खेल एक साथ नहीं चल सकते: केजरीवाल



### आप ने पाकिस्तान के साथ खेले जाने वाले क्रिकेट मैच का किया विरोध

**नई दिल्ली**
भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को दुबई में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच को लेकर सियासत गर्म है। विपक्षी दलों के नेता पाकिस्तान के साथ मैच खेलने को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। ताजा मामले में रविवार को एक बार फिर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पाक के साथ मैच खेलने को देश के साथ गद्दारी बताया है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर आप नेता सौरभ भारद्वाज के पोस्ट को रिट्वीट कर कहा, "पाकिस्तान के साथ मैच खेलना देश के साथ गद्दारी है। हर भारतीय इस बात से बेहद गुस्से में है।" आम आदमी पार्टी ने कहा कि क्रिकेट और आतंकवाद एक साथ क्यों चल रहा है! पीएम मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

इसी क्रम में आप सांसद संजय सिंह ने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा, "मोदीजी ने कहा था 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ जारी है, तो ऑपरेशन क्रिकेट कैसे जारी है?"वहीं, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक पोस्ट में लिखा, "पहलगाम हमले के बाद मोदीजी ने बड़े गर्व से कहा था साथ नहीं चल सकतेह्व। लगता है।

## बारिश के चलते वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित

### यूपी में 4% कम तो हिमाचल में 133% ज्यादा बारिश, राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू



**लखनऊ/मंडी/जम्मू/दिल्ली**
जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिर से रोका गया। 19 दिन स्थगित रहने के बाद यात्रा रविवार से शुरू होनी थी, लेकिन तेज बारिश के चलते इसे अगले आदेश तक स्थगित किया गया। 26 अगस्त को मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत नदियों का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। बलिया में चक्की नौरंगा गांव में 5 मकान और 5 दुकानें नदी में समा गईं। इस मानसून सीजन राज्य में 654.2 बारिश हुई जो औसत 679.3 बारिश से 4% कम है। हिमाचल के मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार को लैंडस्लाइड हुई। कई घरों तक मलबा पहुंच गया। 8 घर खाली भी कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में 12 सितंबर तक 133% ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है। इस पीरियड में 64.6 बारिश की तुलना में 150.4 बारिश हो चुकी है।
राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से रविवार से मानसून विदाई की शुरूआत हो गई है, लेकिन मध्यप्रदेश को अभी दो हफ्ते और लग सकते हैं।

## उदयपुर में किराएदार की हत्या पर रविवार को सायरा बंद

**उदयपुर**
उदयपुर में मकान मालिक द्वारा किराएदार की हत्या के मामले में रविवार को सायरा में भारी विरोध प्रदर्शन जारी है। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने कस्बे को पूरी तरह से बंद करा दिया है। सायरा से रणकपुर और भानपुरा जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया गया है। बड़ी संख्या में लोग सायरा बस स्टैंड पर धरने पर बैठ गए।आक्रोशित लोग मृतक के परिवार को 51 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के साथ ही आरोपित को सख्त सजा दिलाने की मांग पर अड़े हैं। तनाव को देखते हुए तहसीलदार सुरेश मेहता और सायरा थानाधिकारी किशोर सिंह शक्तावत पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात हैं और लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 12 सितम्बर रात को सूरजपोल थाना क्षेत्र में अग्रवाल समाज के नोहरे के पास मकान मालिक दिनेश बंसल ने किराएदार की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

## अब आसमान से रहेगी दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर, 670 ड्रोन खरीदेंगी भारतीय सेनाएं

**नई दिल्ली**
भारतीय सेना आने वाले कुछ वर्षों में और भी एडवांस ड्रोन को शामिल करने वाली है। इन ड्रोन की मदद से न केवल सीमा की निगरानी की जाएगी बल्कि, 24 घंटे दुश्मन सेना पर निगाह रखेंगे। दरअसल, हाल के दिनों में 15 वर्षीय रक्षा आधुनिकरण रोडमैप के तहत यह कदम उठाया गया है।

**कैसे ड्रोन की होनी है खरीदारी?**
बताया जा रहा है कि भारत की सेनाएं युद्ध में उपयोगी, सर्विलांस में अलग-अलग उपयोग किए जाने वाले ड्रोन खरीदने की योजना बना रही है।

**योजना का क्या है उद्देश्य?**
रिपोर्ट्स के अनुसार, यह योजना टेक्नोलॉजी पर्स्पेक्टिव एंड कैपबिलिटी रोडमैप में पेश की गई है। इस योजना का उद्देश्य भारत की सेनाओं की भविष्य की तकनीकी जरूरतों का खाता तैयार करना है। इसके पीछे की वजह है कि रक्षा उद्योग इस संबंध में पहले से तैयारी कर सके और देश में ही हथियारों से लैस ड्रोन बना सके।



**वायुसेना करेगी हाइब्रिड आरपीए ड्रोन का उपयोग**
बता दें कि हाइब्रिड आरपीए जिसको सामान्य भाषा में रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट भी कहते हैं, एक ऐसे प्रकार का ड्रोन है जो फिक्स्ड-विंग और रोटरी-विंग दोनों तकनीकों को जोड़ते हैं। जानकारी के अनुसार, ये ड्रोन बीस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ने की क्षमता रखते हैं। वर्तमान स्थिति के हिसाब से भारतीय वायुसेना को 10-20 हाइब्रिड आरपीए की जरूरत है।

**क्या होते हैं एमएएलई ड्रोन?**
जानकार बताते हैं कि ये ड्रोन 30 से 40 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ने की क्षमता रखते हैं।
इतना ही नहीं यह करीब 24 घंटे से अधिक समय तक उड़ने की क्षमता रखते हैं। कहा जा रहा है कि तीनों सेनाएं 120 से अधिक ऐसे ड्रोन खरीदेगी। इन ड्रोन की मदद से सीमा पर 24 घंटे की निगरानी की जा सकती है। वहीं, दुश्मन की हर एक एक्टिविटी पर भी नजर रखने में आसानी रहेगी।

**सेना क्यों करती हैं ड्रोन का इस्तेमाल**
आज के बदलते समय में ड्रोन ने युद्ध का स्वरूप बदल दिया है। पाकिस्तान और चीन जैसे खतरों से निपटने में ये ड्रोन काफी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

इन ड्रोन के शामिल होने से सेनाओं को टार्गेटेड अटैक की क्षमता मिलेगी।

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

## लोगों की समस्याओं का हो रहा तत्काल समाधान

## सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना हो रही साकार



**जयपुर, 14 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से जन कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। राज्य की जनता को पारदर्शी और जवाबदेही सुशासन देने की दिशा में मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री की इस पहल से जनता की समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही हो रहा है और उन्हें त्वरित राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा हर सोमवार मुख्यमंत्री निवास पर जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और परिवेदनाएं सुनते हैं और संबंधित विभागों को तत्काल समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित करते हैं। इससे

प्रशासनिक तंत्र में संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान की परंपरा विकसित हुई है। ऐसा ही एक उदाहरण बाड़मेर जिले के शहीद उगम सिंह की वीरांगना श्रीमती किरण कंवर का है, जिनको मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर बड़ी राहत मिली। उनकी पुत्री सुश्री ज्योति राठौड़ को शहीद आश्रित कोटे से केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड बाड़मेर में निरीक्षक ग्रेड द्वितीय के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। इसी प्रकार अलवर जिले की श्रीमती सुनीता सैनी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीकरण न हो पाने के कारण अपने पुत्र रिनित का अपेंडिक्स का इलाज नहीं करवा पा रही थी। जनसुनवाई के दौरान उनकी समस्या सामने आने पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए और सुनीता के पुत्र का इलाज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत हो पाया। एक

अन्य प्रकरण में जोधपुर जिले की दिव्यांग श्रीमती संजू ने जब आवागमन में होने वाली परेशानी से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को अवगत कराया तो, उन्होंने जिला कलक्टर को तत्काल निर्देशित कर श्रीमती संजू को स्कूटी उपलब्ध करवायी। अब दिव्यांग महिला की राह सुगम हो गई है। उपरोक्त प्रकरण तो उदाहरण मात्र हैं। मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचने वाले ऐसे हजारों लोगों के चहरे पर वापस लौटते समय मुस्कान नजर आती है, क्योंकि उनकी समस्या का मौके पर ही समाधान हो जाता है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का प्रदेशवासियों से सीधा जुड़ाव पंडित दीनदयाल के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को परीलक्षित करने के साथ ही जनकल्याण की सोच को भी दर्शाता है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के शिवदासपुरा में हुए कार हादसे में जनहानि पर जताया गहरा दु:ख

**जयपुर, 14 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के** शिवदासपुरा में रिंगरोड़ पर कार हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने इस हृदय विदारक हादसे पर शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत पुण्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## भाजपा जिला कार्यशाला सम्पन्न, सेवा पखवाड़ा को लेकर बनी रणनीति

## जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा : जयपुर देहात



## दक्षिण बनेगा सेवा कार्यों में अव्वल

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात दक्षिण की जिला कार्यशाला रविवार को प्रदेश कार्यालय, जयपुर में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत ने संबोधित करते हुए कहा कि ह्लसेवा ही संगठन का सार है और सेवा पखवाड़ा समाज में राष्ट्रभावना जागृत करने का सशक्त माध्यम बनेगा।ह्व कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अपूर्व सिंह, प्रदेश मंत्री अजीत मांडल, स्टेफी चौहान, विधायक डॉ. कैलाश वर्मा, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, बस्सी से विधायक प्रत्याशी चंद्रमोहन मीणा, जिला महामंत्री शिवजीराम कुमावत, शिवप्रसाद यादव, हेमंत मीणा, जिला प्रभारी विमल अग्रवाल, अजय पाल सिंह, हरिमोहन शर्मा और हृदय सुमन पारीक सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन जिलेभर में व्यापक स्तर पर किया जाएगा। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, ह्यवोकल फॉर लोकलह्न को बढ़ावा, दिव्यांग सम्मान समारोह, सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं तथा गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि ह्लसेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सेवा और राष्ट्रभावना को सशक्त करने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ह्यसेवा ही संगठनह्न संदेश हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है।ह्व बैठक की खास बात यह रही कि मंडलों से आए पदाधिकारियों से सुझाव लेकर उन पर शीघ्र ही काम करने का आश्वासन दिया गया। जिला मीडिया संयोजक सुनील छीपा ने बताया कि सभी मंडलों पर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सेवा पखवाड़ा का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और संगठन का संदेश मजबूती से स्थापित हो सके।

## सेवा भाव समिति द्वारा इस दीपावली के अवसर पर दीपावली पर बांटे जाएंगे मिट्टी के दीपक



**देश का दर्पण न्यूज।। उत्तर प्रदेश से संवाददाता।। प्रमोद शर्मा की रिपोर्ट**

**आगरा।** रविवार को सेवा भाव समिति आगरा (रजि) की एक बैठक अवधपुरी स्थित उन्नति कंप्यूटर सेंटर पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सुमित कुमार प्रजापति ने की। संचालन राजू गोला और विशाल ने सकुशल रूप से किया। बैठक में संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया और शिक्षा को एक जनआंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया। साथ ही समिति ने फैसला लिया कि दीपावली का पर्व झुग्गी झोपड़िया में रह रहे गरीब लोगों के साथ मिलकर बड़ी धूमधाम से दीपावली का पर्व मनाएगी। अभी पिछले दिनों सेवा भाव समिति के सामाजिक क्षेत्र में अच्छा कार्य करने पर सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को पाकर बैठक में सभी ने हर्ष व्यक्त किया।
बैठक में अध्यक्ष सुमित कुमार प्रजापति, सचिव अनुज कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार, प्रवक्ता विशाल कुमार, संगठन मंत्री राहुल जुरैल, राजू गोला, सोनू कुशवाह, रामवीर सिंह प्रजापति, रविंद्र चाहर, विष्णु प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, अजय कुमार, नकुल गोला, दीपक प्रजापति, सुनील बाबू, शुभम प्रजापति आदि उपस्थिति रहे।

## कोचिंग के बाद एक्टिंग की ठानी जिद, फिर MCA की पढ़ाई छोड़ अभिनेता गौरव देवासी कोठार पाली ने फिल्मी दुनिया में रखा कदम

**बॉलीवुड** सहित राजस्थानी फिल्मों में अपना जलवा कायम रखने वाले गौरव देवासी अपना जलवा बिखेर रहे हैं. बचपन से ही एक्टिंग और नाटक का शौक धीरे-धीरे उनके सिर पर ऐसा सवार हुआ कि उन्होंने टउअ की पढ़ाई को बीच में छोड़कर एक्टिंग की फील्ड में ही भविष्य संवारना शुरू कर दिया.
स्कूल के ड्रामे और कविताओं से शुरू हुआ एक्टिंग का सफर अब बॉलीवुड और राजस्थानी फिल्मों तक पहुंच गया है. राजस्थान के पाली गांव कोठार से आने वाले गौरव देवासी जो कभी जयपुर और उदयपुर में किसी ऑडिशन की कतार में नजर आते थे ,अब बॉलीवुड सहित राजस्थानी फिल्मों में अपना जलवा बिखेर रहे हैं. बचपन से ही एक्टिंग और नाटक का शौक धीरे-धीरे उनके सिर पर ऐसा सवार हुआ कि उन्होंने टउअ की पढ़ाई को बीच में छोड़कर एक्टिंग की फील्ड में ही भविष्य संवारना शुरू कर दिया.और मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में अपना एक्टर बनने का सपना लेकर पहुंच गए.
हालांकि इस पूरे सफर में गौरव देवासी के जीवन में कई उतार-चढ़ाव भी आए, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. अब पाली राजस्थान का यही गौरव देवासी कई राजस्थानी मूवी सहित बॉलीवुड की फिल्मों में भी किरदार निभा चुका है. अभी हाल ही में उनकी एक नई राजस्थानी मूवी आवकारा रिलीज होने वाली है. बचपन से लेकर अब तक की इस जर्नी के बारे में बताया।

**स्कूल की कविता से बचपन में चढ़ा एक्टिंग का जुनून**

अपनी एक्टिंग के सफर के बारे में गौरव देवासी ने बताया कि उन्हें एक्टिंग का शौक बचपन से रहा है. एक बार 26 जनवरी के मौके पर उन्हें स्कूल वालों ने "मन मस्त फकीरी धारी है" सभी के सामने स्टेज से सुनाने को कहा. हालांकि उस वक्त वह थोड़ा सा हिचकिचा गए थे. लेकिन उनके जीवन में एक्टिंग का पहला मोड़ इसी कविता से शुरू हुआ था. शादी-पार्टियों में डांस को देखकर भी वह एक्टिंग में जाने के लिए खूब प्रभावित हुए.
गौरव देवासी ने बताया कि उन्होंने सबसे पहला ड्रामा अपने स्कूल में किया था. जिसकी खूब तारीफ भी उनके साथ के स्टूडेंट और टीचर्स ने की थी. फिल्म स्टूडेंट लाइफ की शूटिंग के दौरान राजस्थान के सीनियर आईएएस डॉ. जीतेन्द्र सोनी के द्वारा सम्मानित किया गया था.वर्ष 2024 में इन्हे राजस्थान सरकार के द्वारा राजस्थानी फिल्मो में उत्कृष्ट कार्य करने पर भी सम्मानित किया साथ ही इन्हे 2023 में दिल्ली में आयोजित बेस्ट आर्टिस्टऑफ द यर में नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाज गया था. उन्होंने बताया कि ड्रामा में मन ज्यादा लगने की वजह से घर वालों ने मुझे पढ़ने के लिए पडोसी जिला सिरोही भेज दिया था.जहा इनके द्वारा टछरव कॉलेज से ग्रेजुएशन किया. गौरव देवासी ने बताया कि ग्रेजुएशन की पढ़ाई के साथ ही मैंने उस वक्त घरवालों को बिना बताए थिएटर भी शुरू कर दिया और पहली फिल्म स्टूडेंट लाइफ में इन्हे पनाह मिल गयी

## भाजपा विचारधारा की पार्टी, विकसित भारत है हमारा लक्ष्य : जेपी नड्डा

**विशाखापत्तनम 14 सितंबर (पी एम ए) केंद्री**य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार बनाने के लिए जनता का आभार जताया। साथ ही, उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन वाईएसआर सरकार भ्रष्ट थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश तरक्की की ओर आगे बढ़ रहा है।

तिरुपति यात्रा के दौरान मैंने कहा था कि तत्कालीन वाईएसआर सरकार भ्रष्ट थी और बदलाव की तत्काल आवश्यकता है। मुझे खुशी है कि आपने यह बदलाव लाया और आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार स्थापित करने में योगदान दिया। इसके लिए मैं जनता का हृदय से धन्यवाद करता हूं।" नड्डा ने भाजपा के विजन को दोहराते हुए कहा, "हम देश को आगे बढ़ाने वाले लोग हैं, हम देश को विकसित भारत की ओर ले जाने वाले लोग हैं और इसलिए हमारा मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' है। हम ऐसी पार्टी से आते हैं, जो विचार के साथ खड़ी रहती है।" उन्होंने आगे कहा, "अगर हमने 1952 में कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे, तो हमने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया। अगर हमने 1987 में कहा कि हम राम मंदिर बनाने का रास्ता प्रशस्त करेंगे, तो हमने 2024 में अयोध्या में भव्य राम मंदिर स्थापित होते हुए देखा।" नड्डा ने कहा कि सीएए से संबंधित मुद्दों को हल करने का वादा किया गया था, जिसे संविधान में संशोधन कर लागू किया गया। साथ ही, हमारी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त करने का काम किया। इसके अलावा, हमने मुस्लिम समाज के हित में वक्फ संशोधन विधेयक में भी बदलाव किया। जेपी नड्डा ने जीएसटी संशोधन पर कहा, "अगली पीढ़ी के जीएसटी ढांचे की घोषणा की, जिसमें टैक्स संरचना को सरल करते हुए केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू किए गए हैं। आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत और अन्य सभी वस्तुओं व सेवाओं पर 18 प्रतिशत टैक्स लगेगा।"

## जनता की आवाज को सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का एक मजबूत पुल साबित होगी सीएम विंडो सदस्यों की नियुक्ति : हनुमान वर्मा



**कैथल (कृष्ण प्रजापति): हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक प्रणाली में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में सीएम विंडो सदस्यों की नियुक्ति की है। इस निर्णय को भाजपा कार्यकताओं के लिए अभूतपूर्व सम्मान और जनता के लिए सशक्त माध्यम बताया जा रहा है।
भाजपा के वरिष्ठ नेता हनुमान वर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय न केवल भाजपा के सक्रिय कार्यकताओं को मान-सम्मान देने वाला है, बल्कि शासन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और उत्तरदायी भी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से कार्यकताओं को परिवार का अभिन्न हिस्सा मानती है और यह जिम्मेदारी उन सिपाहियों को समर्पित है, जिन्होंने वर्षों से निःस्वार्थ भाव से जनता और संगठन की सेवा की है।
वर्मा ने कहा कि सीएम विंडो सदस्यों की यह नियुक्ति ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनता की आवाज को सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का एक मजबूत पुल साबित होगी। यह कदम युवाओं और कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सैनी का यह दूरदर्शी निर्णय भाजपा परिवार के लिए स्वर्णिम अध्याय है। यह पहल जनता की शिकायतों और सुझावों को तत्काल संबोधित करने का क्रांतिकारी उपकरण बनेगी, जिससे हर हल्का विकास का एक प्रगतिशील केंद्र बनेगा।
हनुमान वर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से हरियाणा के विकास की नई कहानी लिखी जाएगी **और पार्टी कार्यकताओं का मनोबल नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।**

## न्याय-अधिकार सम्मेलन में सुरजेवाला का भाजपा सरकार पर प्रहार

## भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध और बाढ़ कुप्रबंधन को बताया डबल इंजन सरकार की नाकामी



**कैथल (कृष्ण प्रजापति): कस्बा** ढांड में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर द्वारा आयोजित न्याय-अधिकार सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा का डबल इंजन शासन भ्रष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी और अन्याय का प्रतीक बन गया है।
सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में किसानों की लाखों एकड़ फसलें बाढ़ से तबाह हो चुकी हैं, लेकिन सरकार मुआवजे के नाम पर किसानों का मजाक उड़ा रही है। उन्होंने मांग की कि फसल क्षति पर 50 हजार रुपए प्रति एकड़, बाढ़ से मृतकों के परिजनों को 40 लाख रुपए, एससी-बीसी परिवारों को रोजगार हानि पर 50 हजार रुपए, ट्यूबवेल नुकसान पर 1 लाख रुपए और मवेशी हानि पर 1.5 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने बेरोजगारी और पेपर लीक पर भी भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले युवाओं को नौकरी का झांसा दिया जाता है और चुनाव के बाद निकाल दिया जाता है। वहीं, हरियाणा की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, आए दिन डकैती, हत्या और बेटियों के अपहरण की घटनाएं हो रही हैं।
सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और न्याय-अधिकार सम्मेलन अन्याय के खिलाफ जन-क्रांति की शुरूआत है।

## विश्व पटल पर हिंदी का बढ़ता सम्मान गर्व की बात : पीएम मोदी

**नई दिल्ली 14 सितंबर (पी एम ए)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि दुनिया भर में हिंदी के प्रति बढ़ता सम्मान सभी भारतीयों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। हर साल 14 सितंबर को मनाया जाने वाला हिंदी दिवस, हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाने की याद में मनाया जाता है। इस दिन का ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि 1949 में संविधान सभा ने संविधान के प्रारूपण के दौरान आधिकारिक भाषा के ढांचे पर आम सहमति बनाई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "आप सभी को हिंदी दिवस की अनंत शुभकामनाएं। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कारों की जीवंत धरोहर है।" देशवासियों से क्षेत्रीय भाषाओं को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, "इस अवसर पर आइए, हम सब मिलकर हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाने और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक गर्व के साथ पहुँचाने का संकल्प लें।"
\पीएम मोदी ने आगे कहा, "विश्व पटल पर हिंदी का बढ़ता सम्मान हम सबके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।" केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी हिंदी दिवस पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल। सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।" उन्होंने आगे लिखा, "हिंदी मात्र एक भाषा नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति की अनन्य प्रतीक है। भारतीय संस्कारों, जीवन मूल्यों व आदर्शों की प्रबल संवाहक है।

## आर.के.एस.डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** आर.के.एस.डी. कॉलेज (मॉर्निंग) के वाणिज्य विभाग एवं लीगल लिटरेसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में बी.कॉम. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए जिला न्यायालय कैथल में राष्ट्रीय लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना और न्याय व्यवस्था की गहराई को समझाना रहा।
भ्रमण के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल कंवल कुमार ने विद्यार्थियों को इंडियन कांट्रैक्ट एक्ट एवं सेल ऑफ गुड्स एक्ट जैसे अधिनियमों पर तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विधि क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और विभिन्न विधिक प्रश्नों पर विस्तार से अपने विचार सांझा किए। इसके बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैथल डॉ. नंदिता कौशिक ने विद्यार्थियों को लोक अदालत में आने वाले मामलों जैसे वैवाहिक विवाद, बीमा दावे, चालान और मोटर एक्सीडेंट क्लेम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से इन मामलों का निपटारा शीघ्र और सरल तरीके से किया जाता है। सिविल जज जूनियर डिवीजन एवं जेएमआईसी कैथल संदीप कौर ने विद्यार्थियों को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा 138 के तहत चेक बाउंस मामलों की जानकारी दी।

## यशपाल प्रजापति बने सीएम विंडो एमिनेट पर्सन, पीएम मोदी और सीएम सैनी की नीतियों को बताया ऐतिहासिक



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर परिषद कैथल के पूर्व चेयरमैन यशपाल प्रजापति को संगठन द्वारा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से कैथल ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।
इस अवसर पर यशपाल प्रजापति ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दूरदर्शी सोच और जनहितैषी नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है और सीएम नायब सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा में विकास और सुशासन की नई इबारत लिखी जा रही है।

## सरकार ने 12 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर कर घटाकर 5 प्रतिशत किया वित्त मंत्री

**चेन्नई 14 सितंबर (पी एम ए) वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि सरकार ने 12 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे लोगों पर कर का बोझ कम होगा। ट्रेड एडं इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के ज्वाइंट कॉन्क्लेव में लोगों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, "सरकार ने जीएसटी सुधार के तहत टैक्स स्लैब की संख्या को चार (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) से घटाकर दो (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत) कर दिया गया है।"

## क्तदान शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन इन्द्र प्रस्थ कालोनी वैशाली मे आयोजित हुआ



**जयपुर14 सित 0 श्री अ**ग्रवाल समाज समिती वैशाली नगर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन इन्द्र प्रस्थ कालोनी वैशाली मे आयोजित हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथी ओ० पी० अग्रवाल एफ सी ए का राजेश कुमार गोयल अध्यक्ष श्री अग्रवाल समाज समिती वैशाली नगर ने साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया स्क्तदान शिविर मे महिला व पुरुषो ने वढ चढ़ कर भाग लिया इस मौके पर अध्यक्ष गोयल ने बताया कि हमारा यह प्रथम प्रयास था हमारा हमेशा प्रयास रहेगा कि समिती द्वारा समय समय वढे तथा सभी मनुष्यो को अपने जीवन मे ब्लड जरूर देना चाहिये पता ब्लड एकत्रित हुआ स्वास्थ्य कल्याण ब्लड वैक राजस्थान हास्पीटल की टीम का पूरा सहयोग रहा इस मौके पर अध्यक्ष राजेश गोयल, श्री अग्रवाल समाज समिती वैशाली नगर , उपा0 पुरुषोतम जिन्दल , महा मत्री प्रहलाद मित्तल , कोषा ० सुरेश राजपुरा व समिती के सभी पदा ० मौजूद थे

# समाहरणालय सिवान अवस्थित सभागार में हिन्दी दिवस समारोह सम्पन्न हुआ

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद सिवान, 14 सितंबर 2025 रविवार को हिन्दी दिवस** के अवसर पर सिवान जिला के सभागार में जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया।

हिंदी के उज्जवल भविष्य के लिए शोध की नितांत आवश्यकता है- जिला पदाधिकारी

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के साथ वरीयपदाधिकारी गणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर जिले के वरीय अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जिला




पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान एवं वरीय पदाधिकारी, कर्मीगण के सहित विद्वान वक्ताओं ने वर्तमान परिपेक्ष में हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी बातों को रखा। हिंदी दिवस समारोह में वक्ताओं ने कहा कि 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया था। तभी से प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला पदाधिकारी ने हिंदी भाषा की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि सामान्य बोलचाल एवं कार्यालय कार्यों में इसके आधिकारिक उपयोग की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा मधुर सरस होने के साथ-साथ पूरे देश को एक सूत्र में बांधने हेतु एकमात्र विकल्प भी है।यह दिवस न केवल राजभाषा के रूप में हिन्दी की गौरवपूर्ण परंपरा का प्रतीक है, बल्कि सरकारी कार्यों एवं आम जीवन में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने का संकल्प दिवस भी है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि हिंदी का भविष्य बेहद उज्जवल है हालांकि कुछ चुनौतियां भी मौजूद हैं मतलब हिंदी का रोजगारत्मक पहलू आदि हिंदी के उज्जवल भविष्य के लिए शोध की भी सिद्धांत आवश्यकता है इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिवान मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि हिंदी का भविष्य बेहद उज्जवल है आवश्यकता है समर्पण एवं समन्वित और सकारात्मक प्रयासों की कार्यक्रम का संचालन सामान्य शाखा प्रभारी वरीय उपसमाहर्ता सुश्री शालू ने किया। समारोह में हिन्दी के संवर्धन एवं शत-प्रतिशत प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु कई महत्वपूर्ण विचारणीय बिंदुओं पर चर्चा की गई। इनमें प्रमुख रूप से सभी प्रकार के मोहरों और सीलों पर हिन्दी उत्कीर्णन, सभी पदनाम पट्टिकाओं का हिन्दी में लेखन, सरकारी सेवकों द्वारा भ्रमण कार्यक्रमों की प्रस्तुति हिन्दी में, पुलिस केस डायरी एवं पत्राचार हिन्दी में, विज्ञापन एवं निविदा सूचना का प्रकाशन हिन्दी में, सभी प्रकार का पत्राचार, टिप्पण, चरित्री लेखन, नाम पट्ट एवं सूचना पट्ट का हिन्दी में लेखन, वाहनों पर हिन्दी नामपट्ट, प्रशासनिक अधिसूचनाएँ, आदेश, निदेश, कार्यवृत्त एवं प्रगति प्रतिवेदन का हिन्दी में प्रकाशन तथा न्यायालयों में वाद निष्पादन संबंधी आदेश हिन्दी में निर्गत करना शामिल है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजभाषा हिन्दी के प्रयोग से प्रशासनिक कार्य सरल, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनते हैं। साथ ही, हिन्दी से जुड़ी उत्कृष्ट टिप्पणियाँ और कार्य प्रारूप प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को राजभाषा विभाग की ओर से पुरस्कृत करने हेतु अनुशंसा भी की जाएगी।

## फिट इंडिया मिशन को साकार करने के लिए दौड़े युवा



**जयपुर, 14 सितंबर। देश** के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को साकार करते हुए रविवार को सुमेरपुर की सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सड़कों पर दौड़ीं। बुस्ट ओरा ग्रुप की ओर से आयोजित इस 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर की मैराथन में हिस्सा लेने के लिए अल सुबह से ही लोग पहुंच गए थे। इस मैराथन में मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत शामिल हुए। उन्होंने जवाई सुमेरपुर मैराथन-2025 को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मंत्री श्री कुमावत ने धावकों का हौसला भी बढ़ाया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बहुत जरूरी हैं, अगर शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान शक्ति और भक्ति का प्रदेश है। हमारी सरकार ने सत्ता में आते ही महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय खोला। इसके अलावा हम पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। अगले साल हम यहां खेलो इंडिया का आयोजन करेंगे। हम सब मिलकर राजस्थान को आगे ले जाएंगे। मैराथन का आयोजन शिक्षा क्रांति रंगमंच में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, विशेष अतिथि अधिशाषी अधिकारी नरपत राजपुरोहित के सानिध्य में किया गया। इसमें कुल 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 30460 मामलों का निपटारा: अमरदीप सिंह बैंस



**अमृतसर, 14 सितंबर :**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पंजाब राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुसार, तथा श्री बलजिंदर सिंह, माननीय प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-प्रभारी अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमृतसर के मार्गदर्शन एवं निदेर्शों के अंतर्गत जिला न्यायालय अमृतसर और तहसील अजनाला एवं बाबा बकाला साहिब में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में, श्री अमरदीप सिंह बैंस, सिविल जज (सीनियर डिवीजन)-सह-सचिव, डीएलएसए, अमृतसर ने जनता को अवगत कराया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में छोटे-मोटे आपराधिक मामले, बैंक वसूली, चेक संबंधी मामले, वैवाहिक विवाद, बिजली-पानी के बिल, दूरसंचार, सड़क दुर्घटना मामले, श्रम विवाद, यातायात चालान आदि जैसे मुद्दों पर विचार किया जाता है और इस संबंध में कुल 33 बेंचों का गठन किया गया है; अमृतसर जिला न्यायालयों में 24 बेंच, अमृतसर औद्योगिक ट्रिब्यूनल (श्रम न्यायालय) में 1 बेंच, इसके अलावा तहसील अजनाला में 4 बेंच और बाबा बकाला साहिब में 3 बेंच हैं। इसके अलावा, पारिवारिक और वैवाहिक विवादों के लिए पुलिस विभाग के महिला विरुद्ध अपराध परामर्श सेल में एक बेंच का गठन किया गया है। इसके अलावा, कई अन्य विभागों ने राष्ट्रीय लोक अदालत में पहल करते हुए अपने समक्ष लंबित मामलों/विवादों का निपटारा किया है। लोक अदालतों का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-प्रभारी अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि अदालतों में लंबित पूर्व-मुकदमेबाजी और मुकदमेबाजी के मामलों को बिना किसी खर्च के सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाता है। धन वसूली के मामलों में, राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले के निपटारे के समय दावे में ली गई अदालती फीस भी वापस कर दी जाती है। यह निपटान का एक निःशुल्क और त्वरित तरीका है जिसमें विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जाता है और उन्हें लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से बचाया जाता है। लोक अदालतें पक्षों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवादों को कम करती हैं, जिससे अदालत का बोझ कम करने में मदद मिलती है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान 21138 मामलों का निपटारा किया गया

## कुल 2,01,61,61,712/- रुपये के अवॉर्ड पारित किए गए

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 14 सितंबरः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा प्रेषित कार्यक्रम के अनुसार, आज पंजाब राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अश्विनी कुमार मिश्रा और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं प्रशासनिक न्यायाधीश, सत्र खण्ड, साहिबजादा अजीत सिंह नगर, न्यायमूर्ति श्री महावीर सिंह सिंधु के संरक्षण में और एस.ए.एस. नगर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अतुल कसाना के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह लोक अदालत आपराधिक मामलों, चेक बाउंस मामलों, बैंक वसूली मामलों, वैवाहिक विवादों, एमएसीटी मामलों, श्रम विवादों, भूमि अधिग्रहण मामलों, बिजली एवं पानी के बिल मामलों, राजस्व विभाग से संबंधित मामलों और सभी प्रकार के दीवानी मामलों के निपटारे के लिए आरक्षित थी।

## ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की ज्योति जलाने वालों में एक थे उच्च विद्यालय बखरीदौआ के संस्थापक सचिव स्व नेवालाल राय -- महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन

**देश का का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**
शिक्षा के प्रति इतना अधिक गहरा लगाव था कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के लिए लोग दस से पन्द्रह किलोमीटर दूरी पैदल चल कर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते थे। वैसे परिस्थितियों में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षित करने के जुनून इस कदर पैदा हुआ था कि बस्ती सरसिकन पंचायत में उच्च विद्यालय बखरीदौआ के संस्थापक सचिव अवधी में विद्यालय की मंजूरी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सुदूर ग्रामीण इलाकों में समाज के सभी वर्गों के छात्र छात्राओं के शिक्षा की ज्योति जलाने का काम करने वालों में से एक थे। स्व नेवालाल राय। उक्त बातें रविवार को उच्च विद्यालय बखरीदौआ की नींव रखने वाले सह संस्थापक सचिव स्व नेवालाल राय के 23 वें पुण्यतिथि के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन ने कहीं।

## गिरदावरी और क्षतिग्रस्त मकानों के सर्वेक्षण के लिए तैनात टीमों के कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी - धालीवाल

**अमृतसर/अजनाला, 14 सितंबर : ( सुरेश** रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा ) आज अजनाला सहकारी चीनी मिल भाला गांव लिमः कॉम्प्लेक्स, अजनाला विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने राजस्व विभाग के पटवारियों की 25 टीमों और पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग, पुडा आदि विभागों के जूनियर इंजीनियरों और अधिकारियों की 48 टीमों को बाढ़ से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए अजनाला विधानसभा क्षेत्र के 100 गांवों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वेक्षण करने और बाढ़ पीड़ितों के क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वेक्षण करने के बाद मुआवजे के लिए रिपोर्ट तैयार करने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी का संकल्प लेकर भेजा। इससे पहले एसडीएम अजनाला स.



रविंदर सिंह अरोड़ा की अध्यक्षता में परिसर में आयोजित उपरोक्त कर्मचारियों और अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए, विधायक और पूर्व मंत्री स. धालीवाल ने निर्देश जारी किए कि जो टीमें गांव-गांव जाकर फसलों के नुकसान की गिरदावरी और क्षतिग्रस्त घरों का सर्वेक्षण करने के लिए रवाना हो रही हैं, उन्हें ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिए। घर बैठे या प्रभावित लोगों से मोबाइल पर क्षतिग्रस्त घरों की तस्वीरें मांगकर सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उनके (स. धालीवाल) द्वारा तुरंत अनुशासनात्मक विभागीय कार्रवाई के लिए मुख्य सचिव पंजाब को एक लिखित शिकायत भेजी जाएगी। उन्होंने गिरदावरी और सर्वेक्षण के लिए तैनात टीमों को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट तैयार करने और उन्हें एसडीएम अजनाला स. रविंदर सिंह अरोड़ा को सौंपने के निर्देश भी जारी किए। टीमों द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण रिपोर्टों में से 10 प्रतिशत रिपोर्टें व्यक्तिगत रूप से एसडीएम अजनाला एस. अरोड़ा को भेजी जाएं तथा अलग से जिला उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी या उनके द्वारा जिला स्तर पर तैनात नोडल अधिकारी इसका निरीक्षण व समीक्षा करेंगे, जबकि वह (एस. धालीवाल) स्वयं भी प्रभावित गांवों में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाने तथा बाढ़ से लोगों की जान बचाने में अपनी सक्रिय भूमिका के अनुसार गिरदावरी व सर्वेक्षण रिपोर्टों का नियमित जायजा लेंगे।

## बीबी कौलां वेलफेयर सेंटर लोगों के पुनर्वास के लिए जरूरतमंद परिवारों को भैंस और गाय उपलब्ध कराएगा

**अजनला, 14 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
भाई गुरइकबाल सिंह के नेतृत्व में मानवता की सेवा कर रही प्रसिद्ध धार्मिक संस्था बीबी कौलां वेलफेयर सेंटर के प्रतिनिधियों ने आज अजनाला एसडीएम कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्रीमती साक्षी साहनी से बातचीत की और उन्हें बताया कि अगर ऐसे परिवार, जिनकी आजीविका केवल पशुधन यानी भैंसों और गायों पर आधारित थी, बाढ़ के कारण ऐसे पशुओं को खो चुके हैं, तो हम संस्था से भैंस और गाय खरीदकर उन्हें देंगे। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साहनी ने संस्था



के प्रतिनिधियों का इस उदारता के लिए धन्यवाद किया और कहा कि मानवता की सेवा के लिए यह एक बड़ी पहल होगी। उन्होंने तुरंत पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब तक प्राप्त हुए आंकड़ों का शत-प्रतिशत विवरण उपलब्ध करवाया जाए, जिससे पता चलता है कि इस व्यक्ति के परिवार की आजीविका पशुधन पर आधारित थी, यदि शत-प्रतिशत नुकसान हुआ है तो वे संस्था को आंकड़े उपलब्ध करवाएं ताकि वह स्वयं इसकी पुष्टि कर सके और परिवार की मदद कर सके। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधियों ने डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साक्षी साहनी द्वारा पीड़ितों के लिए दिन-रात की जा रही मेहनत की भी सराहना की और संस्था द्वारा उन्हें सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वेलफेयर सेंटर से भाई मनदीप सिंह, भाई सरवन सिंह, भाई जतिंदर सिंह, भाई गुरप्रीत सिंह ढल्ल, भाई सतनाम सिंह और श्री चमकौर सिंह उपस्थित थे।

## 11वाँ इंडो-बांग्ला अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव ऑनलाइन 2025 : ऋतुपर्णो घोष को सफल

सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह एक पुल है—भाषा, संस्कृति और सीमाओं से परे लोगों के दिलों को जोड़ने वाली एक अनूठी शक्ति। इसी उद्देश्य से 2017 से हर साल इंडो-बांग्ला अंतरराष्ट्रीय फि ल्म उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अब अपने 11वें वर्ष में, 2025 का यह उत्सव ऑनलाइन आयोजित हुआ, लेकिन इसकी गरिमा और आकर्षण किसी भी तरह कम नहीं हुआ। बल्कि यह और भी महत्वपूर्ण बन गया क्योंकि इस वर्ष का उत्सव दिवंगत महान



फि ल्मकार ऋतुपर्णो घोष की स्मृति को समर्पित था।कुल 35 फि ल्में, म्यूज़िक वीडियो और डॉक्यूमेंट्री का चयन किया गया, जिसने दर्शकों को विविधता और गुणवत्ता से भरा एक नया अनुभव प्रदान किया। इस चयन में केवल भारत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को भी सामने लाया गया। यह उत्सव एक ऐसा मंच बना जहाँ वरिष्ठ और नए पीढ़ी के कलाकारों ने एक साथ आकर सिनेमा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। महानायिका सबित्री चट्टोपाध्याय की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ा दी। उनके साथ लोकप्रिय अभिनेता संजीब सरकार और प्रतिभाशाली अभिनेत्री शांतना बसु भी मौजूद थे। वे केवल अतिथि ही नहीं थे, बल्कि अपने अनुभव और भावनाएँ साझा करके पूरे आयोजन को समृद्ध कर गए। उत्सव की अध्यक्षता श्रीमती अरुणिमा चट्टोपाध्याय ने की, जिनके नेतृत्व में कार्यक्रम को एक सुव्यवस्थित रूप मिला। उत्सव सचिव विशाल विश्वास और अध्यक्ष श्री दास के अथक प्रयासों के साथ-साथ समिति के सदस्य—चंद्रिया बनर्जी, पियंका डे, अमित मुखर्जी, प्रलय सेनगुप्ता और सुजॉय पांडे सहित कई अन्य लोगों की समर्पित मेहनत ने इस आयोजन को सफल बनाया।

## झुलसी ज़िंदगियों को संवारने की पहल मैहर फाउंडेशन ने शुरू किया

**जयपुर. हाद**सों में झुलसी महिलाओं को नया जीवन देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मैहर फाउंडेशन ने एक सराहनीय कदम उठाया है। संस्था द्वारा शुरू किए गए ह्यळीं इ४१ल्ल र४१५५ङ्घ१२ का पोस्टर शनिवार को जयपुर में विमोचित किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम. डी. चोपदार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मिशन के उद्देश्य और भावी योजनाओं को समाज के सामने लाया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान एम. डी. चोपदार ने कहा मैहर फाउंडेशन का यह अभियान केवल पीड़ित महिलाओं की मदद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को संवेदनशील और जागरूक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। हमें इन बहनों को इलाज के साथ-साथ आत्मविश्वास और सम्मान देने की जरूरत है। फाउंडेशन की संस्थापक परवीन खान ने कहा हमारा उद्देश्य है कि मिशन के माध्यम से इन बहनों को न सिर्फ इलाज मिले, बल्कि शिक्षा, रोजगार और मानसिक सहयोग के जरिए उन्हें समाज में एक सम्मानजनक स्थान भी दिलाया जा सके। कार्यक्रम में इमरान खान, अब्दुल्हा खान, आदिल खान और ताहिर खान जैसे समर्पित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जो मिशन को जमीनी स्तर पर आगे बढ़ा रहे हैं।



## सामूहिक गोठ में देंगे "जूठन नहीं छोड़ने" का संदेश

**जयपुर। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेला रविवार, 14** सितम्बर को शाम 6 बजे विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होगा। इस बार आयोजन का मुख्य संदेश रहेगा– "उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में"। समाज के अध्यक्ष उमेश सोनी ने बताया कि सामूहिक गोठ केवल मेल-मिलाप का अवसर ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का एक माध्यम भी है। भगवान महेश की झांकी विशेष आकर्षण रहेगी। महामंत्री सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल) ने बताया कि गोठ के दौरान जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प कराया जाएगा। हर दाने को प्रसाद मानकर ग्रहण करने का संदेश दिया जाएगा और इस अभियान को रोचक बनाने के लिए सरप्राइज गिफ्ट भी रखे गए हैं। महेश मेले में लगभग 15,000 समाजबंधु पारंपरिक दाल-बाटी-चूरमा का आनंद लेंगे। एक बार में 2,500 लोगों के बैठकर भोजन करने की व्यवस्था होगी।



## खैरथल शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से बीमारी फैलने की आशंका डीडीटी पाउडर एवं फॉगिंग का छिड़काव करवाने की मांग



**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**
**खैरथल शहर में** इन दिनों बरसात के मौसम के चलते मौसमी जनित बीमारियों का इजाफा हो रहा है जिससे शहर में मखी मच्छर अन्य कीटों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है वहीं बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है विदित रहे की नगर परिषद द्वारा अभी तक समस्त वार्डों में डीडीटी पाउडर एवं फागिंग का छिड़काव नहीं करवाया गया है जिससे मच्छरों मक्खियों की तादाद बढ़ती जा रही है वहीं मौसमी बीमारियां पनप रही हैं राजीव गांधी वेलफेयर सोसाइटी खैरथल के अध्यक्ष अमित शर्मा, समाजसेवी महमूद खान, नवीन गुप्ता, राजीव शर्मा, उर्फ कालू पंडित, एवं वार्डवासियों ने नगर परिषद एवं जिला कलेक्टर से अविलब शहर के समस्त वार्डों में डीडीटी पाउडर एवं फॉगिग का छिड़काव करवाने की मांग की है

## खैरथल जिले का नाम बदलने व जिला मुख्यालय को अन्य जगह ले जाने के मामले को लेकर व्यापार महासंघ की ओर से खैरथल दूसरे दिन भी संपूर्ण रहा बंद

**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**
**खैरथल! खैरथ**ल जिले का नाम बदलने व जिले को अन्य स्थान पर ले जाने के मामले को लेकर व्यापार महासंघ की ओर से रविवार दूसरे दिन भी खैरथल संपूर्ण बंद रहा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने बताया कि रविवार को भी खैरथल के बाजार आवश्यक सेवाओं को छोड़कर संपूर्ण बंद रहे वही सब्जी मंडी भी बंद रही सब्जी मंडी के व्यापारियों ने भी बंद को समर्थन दिया विदित रहे कि एक महीने से नई अनाज मंडी में जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन निरंतर जारी है



## नगर पालिका बाड़ी में हिंदी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन




**देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 14 सितम्बर। जिले के** बाड़ी उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित *नगर पालिका में हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निदेर्शानुसार तथा अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नगरपालिका परिसर में विचार गोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, श्रुतिलेख एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हिंदी भाषा के महत्व और राष्ट्र की एकता में इसकी भूमिका पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।हिंदी दिवस कार्यक्रम में सभी कार्मिकों ने हिंदी भाषा के संवर्धन और संरक्षण का संकल्प लिया कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से कनिष्ठ अभियंता अमित गोयल, सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, कैशियर मांगीलाल गर्ग, टाऊन प्लानिंग स्पेशलिस्ट पीएमएवाई तपेश बिधूडी, शिवशंकर पचौरी, सुमित तिवारी, अंकित कुमार, पुनीत कपरेला, रामकुमार कोली, गोविंद सिंह यादव एवं चौथमल सहित अन्य कार्मिक सम्मिलित हुए।*

# तरक्की का रास्ता शिक्षा से होकर जाता है - हकीम अब्दुल हमीद

**जयपुर। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस का** राज्य स्तरीय सम्मेलन 14.9.25 को होटल रायल राजपुताना पैलेस रामगढ मोड, जयपुर में हकीम अब्दुल हमीद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर डॉ. शौकत अली अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस राजस्थान के महासचिव डॉ. मोहम्मद अकमल ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अताउर रहमान खान, प्रो. शोएब आजमी साहब, प्रो. अब्दुल शकूर साहब, डॉ. मकबूल अहमद साहब, डॉ. फरहत चौधरी साहब, डॉ. ए.आर. सैफी साहब रहे। डॉ. सरफराज अहमद एसोसिएट प्रोफेसर ने हकीम अब्दुल हमीद साहब की जीवनी पर विस्तार से रोशनी डाली उन्होंने बताया हकीम अब्दुल हमीद प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक, समाज सेवी, दानवीर, अविष्कारक, सच्चे राष्ट्र भक्त थे हकीम अब्दुल हमीद का जन्म दिल्ली में 14 सितंबर 1908 में हुआ था वह 20 वीं सदी के प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक थे जिनहोने हमदर्द लेबोरेटरीज की नीव रखी इसके अलावा जामिया हमदर्द सहित कई शैक्षणिक संस्थानों की नींव रखी।डॉक्टर सरफराज ने बताया कि हकीम अब्दुल हमीद को भारत सरकार द्वारा पदम श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वे जामिया हमदर्द और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अलीगढ़ के कुलाधिपति भी थे। डॉ. अकमल ने अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी सम्मेलन के मानदंडों, नियमों और विनियमों को प्रस्तुत किया। डॉ. शौकत अली ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस ने यूनानी



चिकित्सा पद्धति के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर है, चाहे वह अनुसंधान और विकास, प्रशिक्षण, शिक्षा, यूनानी चिकित्सकों, छात्रों का पुनर्विन्यास, यूनानी चिकित्सकों और चिकित्सा अधिकारियों से संबंधित मुद्दे हों। डॉ. फरहत चौधरी ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी सम्मेलन यूनानी चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहा है। डॉ. मकबूल अहमद ने माननीय उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राजस्थान सरकार के समक्ष एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसमें मांग की गई है कि यूनानी निदेशक की नियुक्ति यूनानी चिकित्सा अधिकारियों में से वरिष्ठता के आधार पर की जाए।उन्होंने बताया कि आगामी रविवार, 28 सितंबर को जयपुर में आल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस का राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। डॉक्टर फिरोज खान एसोसिएट प्रोफेसर को फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट गुरूप का चेयरमैन बनाया गया एवं डॉक्टर शाहिद खान को कनवीनर बनाया गया। समारोह में डॉक्टर निसार अहमद खान, टेक्निकल विंग के प्रेसिडेंट डॉक्टर अययुब अहमद, टेक्निकल विंग के जनरल सेक्रेटअरी डॉक्टर मोहम्मद दानिश खान, डॉक्टर शाहिद खिन,डॉक्टर दयार नूरानी, डॉक्टर हारून रशीद, डॉक्टर अबरार अली, डॉक्टर मकबूल अहमद, डॉक्टर एम एस खान, डॉक्टर सलीम अहमद, डॉक्टर जईम अहमद, डॉक्टर मेहताब चौधरी अब्दुल रऊफ सैफी, डॉक्टर रौशन, डॉक्टर खालिद, जफीरउलहसन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर फिरोज अहमद वाइस प्रेसिडेंट डॉ सिराजुल हक, खंजाची डॉक्टर यासिर, डॉक्टर फैज्ञान इत्यादि मौजूद रहे। इसमे आयोजन समिति के सदस्य डॉ. निसार अहमद खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. मोहम्मद रोशन वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य, डॉ. फरोज खान उपाध्यक्ष, डॉ. फैजान अहमद उपाध्यक्ष, डॉ. मोहम्मद यासर संयुक्त कोषाध्यक्ष, प्रो. सेराज उल हक उपाध्यक्ष, डॉ. मोहम्मद अहमद सिद्दीकी संयुक्त सचिव, डॉ. मोहम्मद रफी ने कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और लगभग 200 वैज्ञानिकों, यूनानी चिकित्सकों और यूनानी फार्मेसियों के प्रतिनिधियों, संकाय सदस्यों और यूनानी चिकित्सा अधिकारियों ने संगोष्ठी में भाग लिया।

## तालाब का पानी और कब्जाधारियों का कहर,बरोदा गाँव में रास्ता बंद, 100 वर्षीय बुजुर्ग और लकवाग्रस्त मरीज के लिए बना संकट



**सुरज वर्मा**

जहाजपुर कस्बे के शक्करगढ़ क्षेत्र के ग्राम बरोदा में तालाब का पानी और दबंगों का कब्जा परिवार के लिए आफत बन गया है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि परिवार को अपने ही घर से निकलने के लिए पानी में होकर गुजरना पड़ रहा है।

परिवार ने इस समस्या को लेकर दो बार पुलिस थाना शक्करगढ़ में रिपोर्ट दी, सरपंच और पटवारी को अवगत कराया तथा माननीय विधायक को भी तीन बार जानकारी दी। बावजूद इसके अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।प्रताड़ित परिवार का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने पंचायत की बिलानाम भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। पूर्व में नरेगा योजना के तहत इस भूमि पर मिट्टी डालकर रास्ता बनाया गया था, लेकिन दबंगों ने जेसीबी से रास्ता खोदकर उसे खड्डों में बदल दिया और मुख्य एंट्री प्वाइंट पर गहरी खाई डाल दी।

सबसे अधिक संकट उस परिवार पर टूटा है, जिसके दादा जी 100 वर्ष से ऊपर की आयु के हैं और गंभीर अवस्था में हैं। वहीं घर के मुखिया पिछले दो साल से लकवे (पैरालाइसिस) की बीमारी से पीड़ित हैं और उन्हें हर पंद्रह दिन में भीलवाड़ा अस्पताल ले जाना पड़ता है। परंतु रास्ता बंद होने से न तो एम्बुलेंस गाँव में आ पा रही है और न ही मरीज को पैदल बाहर ले जाना संभव है।

प्रताड़ित परिवार गीता देवी पत्नी रामसुख मीणा का कहना है कि यह सिर्फ. एक परिवार नहीं बल्कि इंसानियत और मानवता का दर्द है। तालाब का पानी और जबरन कब्जे ने परिवार के लोगों को कैद कर दिया है का आवागमन सामान्य हो सके।अगर कल इस परिवार के साथ कुछ अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी कोन लेगा पूछता है दुखी और प्रताड़ित परिवार

## 1 साल पहले बनाई गई सड़क टूटी रायला से खारडा तक सड़क का पानी बहकर खेतों में जाने से फसल खराब ग्रामीण हो रहें परेशान







**सुरज वर्मा**

**भीलवाडा ज़ि**ले के रायला से खारड़ा सड़क का निर्माण 1 साल पहले हुआ बारिश की वजह से सड़क पर पानी निकासी के लिए नाला का निर्माण नहीं होने से सड़क का पानी खेतों में जाने से ग्रामीण परेशानहो रहे समाजसेवी देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि रायला से शंभूगढ़ के बीच खारड़ा गांव मेंआरएसआरडीसी के ?द्वारा सड़क का निर्माण अभी 2025 में किया गया था उस निर्माण को कार्य हुआ अभी 1 साल भी नहीं हुआ उससे पहले ही रोड़ पर जगह जगह खड़े पड़ चुके हैं और जो खारडा से रायला की तरफ निकलते ही नाले के ऊपर जो पुलिया बनाया गया है उसकी क्वालिटी बहुत ही खराब बनाई गई है जो पुलिया बनाया उसके नीचे न तो ग्रेवल डाली है ना कोई फाउंडेशन बताया है ना साइड में कोई दीवार बनाई है जहां तक आरसीसी गई है केवल नीचे से मिट्टी भर के ऊपर आरसीसी कर दी गई है जो कि अभी बरसात के कारण पूरी तरह से कट चुकी है आने वाले समय में कोई भी बड़ा हादसा होने की पूरी संभावना राठौड ने बताया कि खारडा से मानसी नदी के बीच में कम से कम 100 बीघा खेती में पानी भरा हुआ है किसानों की फसले 2-2 फीट तक पानी में डूब चुकी है, ठेकेदार ने मानसी नदी में जो पानी जाता था उसकी कोई सुविधा नहीं करी, पानी के निकास के लिए कोई नाला नहीं लगवाया इसके कारण हम कम से कम 100 बीघा के किसान परेशान हो रहे, हमारी फसले बर्बाद हो चुकी है, नाला निर्माण की मांग की

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना हरिद्वार, वाराणसी और सारनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना

**सुमेरपुर\पाली,** 14 सितंबर। राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2025 के अंतर्गत विशेष ट्रेन रविवार को पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के जवाई बांध रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। इस ट्रेन को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जवाई बांध रेलवे स्टेशन से रवाना होकर यह ट्रेन पाली, जोधपुर होते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी और सारनाथ पहुंचेगी। जवाई रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सिरोही जिले के 106 व जालोर जिले के 120 यात्री रवाना हुए हैं। देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस ट्रेन में कुल आठ जिलों से कुल 676 यात्री तीर्थ यात्रा पर गए हैं। इसमें जोधपुर



जिले के 120, जैसलमेर के 40, फलोदी के 40, बाड़मेर के 100 तथा बालोतरा जिले के 50 वरिष्ठ नागरिक सहित कुल 676 यात्री सम्मिलित हैं। इससे पहले मंत्री श्री कुमावत ने ट्रेन के लोको पायलट का बुके देकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत के जवाई स्टेशन पर पहुंचते ही ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। देवस्थान विभाग, जोधपुर के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल ने मंत्री श्री कुमावत को साफा बांधकर व बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान सुमेरपुर पंचायत समिति की प्रधान उर्मिला कंवर, तख्तगढ नगरपालिका के चैयरमैन ललित रांकावत,पूर्व जिलाध्यक्ष पाली करणसिंह राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, दिनेश सिंह राजपुरोहित, पाली जिला दुग्ध डेयरी के चैयरमैन प्रताप सिंह बिठिया, सांसद प्रतिनिधि अनोप सिंह राठौड़, रमेश बोहरा, एसडीएम कालूराम कुम्हार, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, सुमेरपुर नगरपालिका के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, शंकर सिंह राजपुरोहित, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष फूलाराम सुथार, लालाराम देवासी, मुकेश मोदी, इंदरसिंह जाखोड़ा, सुमेर सिंह पोमावा, सीबीईओ भवानी सिंह राणावत, घीसूलाल रूपनारायण शर्मा, लक्ष्मण सिंह नेतरा, स्टेशन मास्टर मान सिंह, देवस्थान विभाग के मैनेजर राजकमल त्रिवेदी, उमेश पुरोहित व विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## ग्रीन लिटिल बेबी श्रेया कुमावत बनीं मंदसौर, मध्यप्रदेश में ब्रांड एंबेसडर

**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा (राजस्थान)** की प्रसिद्ध ग्रीन लिटिल बेबी श्रेया कुमावत, जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र से देश भर मे लगातार प्रेरणादायी कार्य कर रही हैं, को मध्यप्रदेश के मंदसौर में सामाजिक संस्था बी.आर. फाउंडेशन ने अपने स्थापना दिवस के खास मौके पर चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्ल नन्हे हाथों में पर्यावरण की ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है



संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रेया कुमावत द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों और समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में उनके योगदान से प्रेरित होकर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।अब श्रेया कुमावत बी.आर. फाउंडेशन के साथ मिलकर बच्चों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने और हरियाली का संदेश फैलाने का कार्य करेंगी।संस्था ने उम्मीद जताई है कि श्रेया कुमावत की पहल और नेतृत्व से यह अभियान और भी सशक्त होगा तथा समाज में हरित क्रांति का मार्ग प्रशस्त करेगा।इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कृष्णा परिहार (मंदसौर) ने कहा कि श्रेया कुमावत के अनुभव और उनके पर्यावरण क्षेत्र में किए गए कार्य बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होंगे। उनके जुड़ने से हरी-भरी मालवा माटी को संरक्षित रखने के अभियान को और बल मिलेगा।संस्था के सभी पदाधिकारियों ने श्रेया कुमावत का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती सफलतापूर्वक संपन्न, 3.76 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आजमाया भाग्य

**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

**राजस्थान** पुलिस में कॉन्स्टेबल के 10,000 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 13 और 14 सितंबर, 2025 को आयोजित की गई लिखित परिक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस परीक्षा के लिए कुल 5 लाख 24 हजार 740 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। जिनमें से 3 लाख 76 हजार 902 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। दोनों दिनों में करीब 72% अभ्यर्थियों ने इसमें हिस्सा लिया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि रविवार 14 सितम्बर को जिला पुलिस कॉन्स्टेबल, इन्टेलीजेंस, आरएसी, एमबीसी के कॉन्स्टेबल सामान्य व चालक पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के 21 जिलों में किया गया। प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक पहली पारी में 582 परीक्षा केंद्रों पर हुई और अपरान्ह 03.00 बजे से 05.00 तक दूसरी पारी में 21 जिलो के 580 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इन दोनों पारियों की परीक्षाओं में तीन लाख से कुछ अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए।उल्लेखनीय है कि विज्ञापित पदों के अनुसार कांस्टेबल सामान्य नॉन टीएसपी के 8512 पद, टीएसपी के 867, चालक नॉन टीएसपी के 503, टीएसपी के 47 और कांस्टेबल बैण्ड के 71 पद है। विज्ञापित पदों में 03 नवसृजित आरएसी महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई व पदमनी देवी के कुल 1500 पदों एवं पुलिस दूर संचार में कानिस्टेबल आईटी के 1469 पदों को सम्मिलित किया गया है। कांस्टेबल बैंड पद के अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा का प्रावधान नहीं रखा गया है।

## संसाधनो के अभाव मे समाज से बेहतर समन्वय की आवश्यकता: सत्यनारायण खारवाल

**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा खा**रवाल खारोल समाज समिति कोटा संभाग कार्यकारिणी पदाधिकारियो और सदस्यो की एक मोटिवेशनल कौशल विकास कार्यशाला बैठक का आयोजन संभागीय अध्यक्ष - सत्यनारायण खारवाल की अध्यक्षता मे पाटनपोल स्थित समाज के भगवान गिरधारी नाथ जी मंदिर पर संस्था कार्यालय मे संपन्न हुआ।

कौशल विकास कार्यशाला चर्चा के दौरान संस्था अध्यक्ष - श्री सत्यनारायण खारवाल ने कहा कि दूरदराज अंचलों से कोटा शहर मे आकर शिक्षा ग्रहण करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा स्वच्छ भोजन एवं सुविधाजनक आवास प्रदान करवाने के लिए समाज



छात्रावास भवन निर्माण जैसे सामाजिक सरोकारों से संबंधित कार्यों के कार्यान्वयन के लिए आर्थिक संसाधनों की कमी हमारे लिए एक चुनौती है। लेकिन सामूहिक एकता प्रयासों से संपूर्ण समाज से बेहतर समन्वय स्थापित कर समाज के भामाशाहो से आर्थिक सहयोग जुटाया जाएगा। संस्था के महामंत्री- रामू खारवाल ने कहा कि संस्था द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण में किया गया आवेदन प्रगति पर है। सरकारी नियमों के अनुसार रियायती दर पर संस्था के नाम जमीन आवंटित करवाकर सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर कोटा शहर में समाज छात्रावास भवन का निर्माण अवश्य करवाया जाएगा।

इस मोटिवेशनल कौशल विकास कार्यक्रम मे समाज संस्था के संभागीय अध्यक्ष- सत्यनारायण खारवाल, महामंत्री- रामूजी खारवाल, जिला अध्यक्ष- रमेश चंद्र डोडिया, संगठन मंत्री बालचंद खारवाल, सह-सचिव रमेशचंद खारवाल जगन्नाथपुरा, सदस्य हरिशंकर खारवाल, घनश्याम खारवाल सहित समाज संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चोरी की पिकअप को किया बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

**देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना**



भरतपुर...भुसावर के खेड़ली मोड़ थाना पुलिस ने#भरतपुर। भुसावर के खेड़ली मोड़ थाना पुलिस ने चोरी की गई पिकअप को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 13 सितंबर शाम 5 बजे की है, जब पिकअप मालिक दामोदर प्रजापत खेड़ली मोड़ पर अपनी गाड़ी से कुल्ली उतार रहे थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति उनकी पिकअप (फ्ख02-ऋ्छ-3543) लेकर फरार हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशन में टीम गठित की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बाछरैन निवासी विष्णु कुमार (22) और राहुल (29) को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी बलराम यादव के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल भूरसिंह की अहम भूमिका रही। टीम में हेड कांस्टेबल योगराज और कांस्टेबल अमित व राजकुमार शामिल रहे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। सितंबर शाम 5 बजे की है, जब पिकअप मालिक दामोदर प्रजापत खेड़ली मोड़ पर अपनी गाड़ी से कुल्ली उतार रहे थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति उनकी पिकअप (फ्ख02-ऋ्छ-3543) लेकर फरार हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशन में टीम गठित की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बाछरैन निवासी विष्णु कुमार (22) और राहुल (29) को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी बलराम यादव के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल भूरसिंह की अहम भूमिका रही। टीम में हेड कांस्टेबल योगराज और कांस्टेबल अमित व राजकुमार शामिल रहे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## कैश वैन में अचानक लगी आग

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार,,, राकेश कोठेनिया हलेना**

हलेना (भरतपुर) ठ्ल संख्या 21 जयपुर आगरा स्थित थाना क्षेत्र में शनिवार को हाईवे पर बड़ा हादसा टल गया। अमोली टोल प्लाजा के आगे अमोली गांव कट के पास पंजाब नेशनल बैंक की कैश वैन में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि वैन में रखे करीब ?52 लाख नकद और उसमें सवार बैंक कर्मी सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, वैन कैला देवी शाखा से कैश लेकर भरतपुर लौट रही थी। इसी दौरान अचानक गाड़ी में तकनीकी खराबी आने से आग लग गई और डीजल टंकी तक आग फैल गई। वैन में मौजूद बैंक अधिकारी मुरारीलाल ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी।

## माहेश्वरी समाज ने महेश मेले में दिया जूठन नहीं छोड़ने का प्रेरक संदेश

**जयपुर**

**श्री माहेश्वरी** समाज, जयपुर द्वारा विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को आयोजित 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेला हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन में भोजन को मां अन्नपूर्णा का प्रसाद मानकर ग्रहण किया गया। परिणामस्वरूप किसी ने आवश्यकता से अधिक भोजन नहीं लिया और न ही थाली में जूठन छोड़ा। समाजबंधुओं ने संकल्प




लिया कि वे घर और हर आयोजन में ह्लजूठन नहीं छोड़ेंगेह्व की सीख को जीवन में अपनाएंगे तथा बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

समाज अध्यक्ष उमेश सोनी एवं महामंत्री सीए रोहित परवाल ने बताया कि आयोजन का उद्घाटन प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी नरेश अजमेरा ने किया। मुख्य अतिथि राकेश राठी, विशेष अतिथि घनश्याम दास मूंदड़ा, विशिष्ट अतिथि सुधीर जाजू एवं स्वागताध्यक्ष कैलाश कालानी ने भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का शुभारंभ किया।

## इनेलो युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा पुजारी ने रोहतक में होने वाले जननायक ताऊ देवीलाल सम्मान समारोह के लिए दिया न्यौता

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के कैथल युवा जिला अध्यक्ष एवं जिला पार्षद देवेंद्र शर्मा पुजारी ने कहा कि आगामी 25 सितम्बर को रोहतक में



आयोजित होने वाला जननायक ताऊ देवीलाल जयंती सम्मान समारोह ऐतिहासिक और भव्य होगा। इस अवसर पर प्रदेशभर से लाखों कार्यकर्ता, किसान, मजदूर और आमजन एकत्रित होकर ताऊ देवीलाल की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे। जिला पार्षद देवेंद्र शर्मा पुजारी ने कहा कि जननायक ताऊ देवीलाल ने अपना पूरा जीवन किसानों, गरीबों, मजदूरों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर इनेलो आज भी सामाजिक न्याय, समानता और विकास के लिए संघर्षरत है।

## गाय को राज्यमाता का दर्जा दिलाने भगवा रैली में उमडे लोग

### डेढ किमी लंबी रैली के कारण जयपुर जाम

**जयपुर**

गाय को राज्यमाता का दर्जा दिलाने के लिए रविवार को युवा शक्ति मंच की ओर से आयोजित भगवा रैली में जयपुर ही नहीं बल्कि आसपास के इलाके के लोग भी उमड पडे। भगवा रैली में शामिल हुए लोगों का जोश इस कदर रहा कि डेढ किमी लंबी रैली के कारण पूरा यातायात जाम हो गया और पुलिस



प्रशासन को ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने के लिए मशक्कत करनी पडी। भगवा रैली को राज्य के साधु संतो ने जलमहल से भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली के आगे सभी वाहन भगवा झंडा लेकर चले।

युवा शक्ति मंच राजस्थान के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि संकल्प हिन्दू राष्ट्र बनाने का है। इसके लिए 8वीं रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन स्वामी लक्ष्मणानंद बलिदान दिवस के रूप में होगा। इस दौरान हिंदू राष्ट्र बनाने के साथ गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग की गई। रैली में सबसे आगे राम रथ रहा और उसके पीछे गौ माता की मनमोहक झांकी सजाई गई।

## कुतुब-उल-अकाब सम्मेलन" नामक एक भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया

**संवाददाता सैय्यद मसरूर अहमद**

**दिल्ली में म**हरौली शरीफ में 1500वीं ईद मिलादुन्नबी और ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के 814वें उर्स के उपलक्ष्य में "कुतुब-उल-अकाब सम्मेलन" नामक एक भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुतुब एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किया गया था। सम्मेलन की अध्यक्षता नूरी मस्जिद, महरौली शरीफ के खतीब और इमाम मौलाना अलाउद्दीन नक्शबंदी ने की और खानकाह कादिरिया, महरौली शरीफ के मौलाना मुहम्मद बख्तियार हुसैन अलीमी ने इसका संचालन किया। इस कार्यक्रम में महरौली और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्वान, इमाम और लोग शामिल हुए।

# महंगे ड्रैगन फ्रूट गमले में उगाएं, ये रही स्टेप बाय स्टेप जानकारी



**घर में ही फल और सब्जियां उगाने का फायदा ये होता है कि इससे पैसों की भी बचत होती है साथ ही घर में उगी चीजों में केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, इसलिए सेहत के हिसाब से भी ये फायदेमंद है. इस आर्टिकल में जानेंगे कि कैसे ड्रैगन फ्रूट्स को घर में ही उगा सकते हैं**

घर में छोटा सा किचन गार्डन तो होना ही चाहिए, क्योंकि इससे आप बिना केमिकल वाली ऑर्गेनिक सब्जियां, फल खा पाते हैं और ये फ्रेश भी होते हैं, जिससे ज्यादा फायदा मिलता है. मार्केट में आजकल ज्यादातर चीजों में मिलावट हो रही है यहां तक की फ्रूट और सब्जियां भी केमिकल वाली आ रही हैं. ऐसे में घर में फल-सब्जी उगाना एक बेहतरीन आइडिया है, लेकिन बहुत सारे घरों में इतनी जगह नहीं होती है कि अलग से गार्डन बनाया जाए. ऐसे में लोग घर की छत या फिर बालकनी में ही पौधे लगाते हैं. ड्रैगन फ्रूट की मार्केट में अच्छी खासी कीमत होती है, लेकिन आप इसे आसानी से घर पर उगा सकते हैं. इसके लिए बस आपको थोड़ी सी खुली जगह चाहिए होगी, इसलिए आप अपने घर का कोई कोना चुन सकते हैं.

घर की छत, बालकनी या आंगन में पौधे लगाने से फ्रेश हवा भी मिलती है और देखने में भी अच्छा लगता है. बागवानी स्ट्रेस को कम करने और खाली समय में खुद को बिजी रखने का बेहतरीन तरीका है. ऐसे में सजावटी पौधों के साथ ही अगर फल सब्जियां भी उगा ली जाएं तो ये सोने पर सुहागा वाली बात हो जाती है. तो चलिए जान लेते हैं ड्रैगन फ्रूट को घर पर कैसे उगाएं और ये कितना फायदेमंद है.ड्रैगन फ्रूट के पोषक तत्व

हेल्थलाइन के मुताबिक ड्रैगन फ्रूट में कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसकी 100 ग्राम की मात्रा में डेली जरूरत का 5 प्रतिशत विटामिन सी, 3 ग्राम फाइबर, 1 प्रतिशत आयरन, 2 प्रतिशत मैग्नीशियम, 0.39 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है. इसके अलावा इसमें फ्लेवोनॉयड्स भी होते हैं. इस पर कुछ रिसर्च भी हैं. ड्रैगन फ्रूट के फायदों की बात करें तो इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इंफ्लामेशन (सूजन) को कम करते हैं साथ ही इसमें रोगाणुरोधी गुण भी पाए जाते हैं.

ड्रैगन फ्रूट उगाने की अहम बातें

**क्लाइमेट और लोकेशन**

ड्रैगन फ्रूट उगाने के लिए 30 या 40 डिग्री सेल्सियस तक तापमान सही माना जाता है, इसलिए ये भारत के कई हिस्सों में आसानी से उगाया जा सकता है. गर्मी के दिनों में भी इस प्लांट को ग्रो होने में समस्या नहीं आती है. इस पौधे को ऐसी जगह लगाना चाहिए जहां दिन में कम से कम 6 घंटे धूप आती हो, इसलिए छत सबसे बेहतरीन जगह रहती है.

**प्लांट सपोर्ट के लिए स्ट्रक्चर**

ड्रैगन प्लांट एक कैक्टस होता है जो ऊपर की ओर बढ़ता है और इसकी पत्तियां लंबाई में काफी भारी होती हैं, इसलिए इस पौधे के लिए एक सपोर्ट स्ट्रक्चर बेहद जरूरी होता है. आप धातु का जाल बनवा सकते हैं या फिर घर पर मजबूत लकड़ी को बांधकर स्ट्रक्चर तैयार किया जा सकता है.

**मिट्टी का पीएच सही होना जरूरी**

किसी भी तरह का पौधा लगाएं तो सबसे पहले मिट्टी पर ध्यान देना जरूरी होता है. ड्रैगन फ्रूट का पौधा लगाने के लिए भी जरूरी है कि मिट्टी का पीएच सही हो. इसके लिए सबसे अच्छी मिट्टी रेतीली-दोमट होती है. इसके लिए आप बगीचे के लिए ली जाने वाली नॉर्मल मिट्टी को 40 प्रतिशत, रेत 15 प्रतिशत, 25 प्रतिशत कोकोपीट, साथ में 20 प्रतिशत खाद मिलाकर तैयार कर सकते हैं.

# स्वावलंबी बनने के लिए महिलाओं ने बढ़ाए कदम

**पिछले कुछ सालों में देश के कई कोनों में महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी है**




कुल मिलाकर, घरेलू हिंसा के खिलाफ अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, किचिन गार्डन, जैविक खेती और महिला नेतृत्व को गांवों में उभारने की कोशिश करना है। हेमलता राजपूत कहती हैं कि अगर आधी आबादी सशक्त बनेगी तो परिवार और समाज भी सशक्त होगा। यह पहल सराहनीय होने के साथ प्रेरणादायक भी है।पिछले कुछ सालों में देश के कई कोनों में महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी है। आज इस कॉलम में छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में महिलाओं की पहल के बारे में बताना चाहूंगा। मैं इस इलाके में कई बार गया हूं, महिला समूहों के सदस्यों से बात की है और उनकी लगन व सतत काम को देखा है। महिलाओं ने कई मोर्चों पर कदम बढ़ाए हैं।इस बदलाव की शुरूआत वर्ष 2016 से हुई है। श्रीजन कल्याण समाजसेवी संस्था का गठन इसी वर्ष हुआ है। कुछ वर्ष पहले संस्था का कार्यालय भी बन गया है। इस कार्यालय की छोटी सी जमीन पर भी जैविक सब्जी बाड़ी है। कुछ फलदार पेड़ भी हैं।

छत्तीसगढ़ का इलाका विविधता के लिए जाना जाता है। यहां पारिस्थितिकीय और सांस्कृतिक विविधता काफी है। यहां विपुल खनिज संपदा के साथ वन संपदा भी बहुतायत में है। मध्य क्षेत्र का मैदानी भाग, जहां से महानदी गुजरती है, वह धान का इलाका है।महासमुंद जिला, जो श्रीजन कल्याण संस्था का कार्यक्षेत्र है, भी इसी के अंतर्गत आता है। यहां धान की कई किस्में हैं। इसके साथ दलहन, तिलहन, कंद-मूल, फुटू (मशरूम) और फल-फूल, हरी पत्तीदार सब्जियां इत्यादि भी हैं। हालांकि यहां जंगल क्षेत्र भी है, जहां की आबादी की आजीविका जंगल से जुड़ी है। हालांकि धान की संकर (हाईब्रीड) किस्मों के प्रचलन के कारण देसी धान की किस्में लुप्त हो रही हैं।

हेमलता राजपूत बताती हैं कि ग्रामीण समाज में महिलाओं के साथ कई तरह भेदभाव देखे जाते हैं। घरेलू हिंसा उनमें एक है।

उन्होंने बताया कि उनकी संस्था ऐसी पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए काम करती है। आपस में मामले सुलझाना, कानूनी मदद देना इसमें शामिल है। संस्था द्वारा कानूनी मार्गदर्शन केन्द्र चलाया जाता है, जिसमें लोग समस्याएं लेकर आते हैं।%इसके अलावा, गांव में बैठक के दौरान भी पीड़िता की पहचान की जाती है। उनको परामर्श दिया जाता है। परिवार से मिलकर पूरे मामले की जानकारी ली जाती है। अगर परिवार व समाज के स्तर पर मामला सुलझाने की कोशिश की जाती है, अगर वहां मामला नहीं सुलझा तो परिवार परामर्श केन्द्र या कोर्ट भेजा जाता है।भोरिंग गांव की महिला ने बताया कि उनका पति का बीमारी में निधन हो गया। उसके तीन बच्चे थे। उसे ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा था। न तो उसे घर में रहने दिया जा रहा था और न ही परिवार की सम्पत्ति में हिस्सा दिया जा रहा था। यह केस में कानूनी मदद में सहयोग किया गया। अंततः महिला केस जीत गई। उसे जमीन भी मिली और घर भी।हेमलता राजपूत बताती हैं कि हम ऐसे माहौल बनाने की कोशिश करते हैं कि जिसमें लोगों को सभी तरह के नशीले पदार्थों, शराब और तम्बाकू, गुटखा आदि छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

इसके साथ सब्जी-बाड़ी (किचिन गार्डन), जैविक खेती, और जंगलों को फिर से हरा-भरा करने की कोशिश की जाती है। संस्था ने जैविक खेती को पुनर्जीवित करने का अग्रणी काम किया है। इसने किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती करने, जंगल को हरा-भरा करने, पारंपरिक बीज संरक्षण, जैविक खाद, जैव कीटनाशक बनाने की दिशा में प्रेरित करने का काम किया है। यह ऐसे समय में जब छोटे किसानों को बाजार की मांग को पूरा करने के लिए एकल खेती की ओर धकेला जा रहा है।

यहां की महिला किसान पारंपरिक खेती की ओर लौट रही हैं। देसी बीजों की प्रदर्शनी लगाई जाती है। जिसमें पारंपरिक देसी बीज, पारंपरिक व्यंजन और जंगल से मिलने वाले खाद्य पदार्थ को प्रदर्शित किया जाता है।संस्था ने गांवों में देसी बीज बैंक बनाने और जैविक खेती के काम को प्रोत्साहित किया है। कुहरी गांव में श्रीजन सामुदायिक बीज बैंक हैं। इसके अलावा, कई तरह हरी भाजियों की बीज हैं। लाल भाजी, चैंच भाजी, खेड़ा भाजी, पटवा भाजी, अमाड़ी भाजी, पालक भाजी, मखना भाजी, कुसुम भाजी, चौलाई भाजी इत्यादि। बीज बैंक की शुरूआत वर्ष 2016 से हुई है। यहां से किसानों को बीज दिया जाता है, जिसे उन्हें फसल आने पर वापस करना होता है।

कोमा आदि गांवों में जैव कीटनाशक व जैव खाद बनाने का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। बोडरा गांव की श्यामा ध्रुव बताती है कि हम देसी बीजों के साथ धान की खेती करते हैं। रासायनिक खाद का इस्तेमाल नहीं करते है, जिससे हमारी लागत भी कम हो जाती है। इससे हमें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।

इसके साथ सब्जी-बाड़ी (किचिन गार्डन), जैविक खेती, और जंगलों को फिर से हरा-भरा करने की कोशिश की जाती है। संस्था ने जैविक खेती को पुनर्जीवित करने का अग्रणी काम किया है। इसने किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती करने, जंगल को हरा-भरा करने, पारंपरिक बीज संरक्षण, जैविक खाद, जैव कीटनाशक बनाने की दिशा में प्रेरित करने का काम किया है। यह ऐसे समय में जब छोटे किसानों को बाजार की मांग को पूरा करने के लिए एकल खेती की ओर धकेला जा रहा है।

कुहरी गांव की कौशल्या बाई कहती हैं कि देसी बीजों में रोग ज्यादा नहीं लगता है, खाने में भी स्वादिष्ट होता है। अगर फसलों में कीट प्रकोप लगता भी है तो जैव कीटनाशक बनाकर छिड़कते हैं। जिसे वे स्थानीय पौधों की पत्तियों से तैयार कर लेते हैं। कर्रा, आक, नीम, कड़वा रोहना, बिरहा आदि की पत्तियों से जीवामृत बनाया जाता है। इसके लिए बोड़रा, बरबसपुर, खैरा, कोमा आदि गांवों में जैव कीटनाशक व जैव खाद बनाने का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। बोडरा गांव की श्यामा ध्रुव बताती है कि हम देसी बीजों के साथ धान की खेती करते हैं। रासायनिक खाद का इस्तेमाल नहीं करते है, जिससे हमारी लागत भी कम हो जाती है। इससे हमें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।उन्होंने बताया कि जंगल से वनोपज के साथ ताजी पत्तीदार सब्जियां, कंद मूल व फल, फूल पत्तियां व मशरूम भी मिलते हैं। कुझियारी, चरौंटा, बोहार,खेकसी, पीपरी, कोसम, कोलियारी भाजी जंगल से मिलती है। घनबहेर फूल, सेमरा फूल, नीम फूल, अमली फूल इत्यादि। कई तरह के फुटू मिलते हैं- जैसे बियासी फुटू , भिमोरा फुटू , भदेली, घुटुल, दशहरा फुटू , कनकी फुटू इत्यादि।

वे आगे कहती हैं कि भेदभाव से पीड़ित महिलाओं के लिए कानूनी और संवैधानिक अधिकार हैं, पर यह तभी सार्थक होते हैं जब वास्तविक जीवन की स्थिति को बदलने के लिए प्रयास किए जाएं। यही हमारी कोशिश है। महिलाओं को सम्मानजनक तरीके से जीने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है, और यही कोशिश उनकी संस्था कर रही है।

कुल मिलाकर, घरेलू हिंसा के खिलाफ अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, किचिन गार्डन, जैविक खेती और महिला नेतृत्व को गांवों में उभारने की कोशिश करना है। हेमलता राजपूत कहती हैं कि अगर आधी आबादी सशक्त बनेगी तो परिवार और समाज भी सशक्त होगा। यह पहल सराहनीय होने के साथ प्रेरणादायक भी है।

## संपादकीय

# विश्वसनीय मतदाता सूची

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लेकिन एक मजबूत लोकतंत्र के लिये जरूरी है कि उसकी चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी और मतदाता सूची विश्वसनीय हो। पिछले दिनों बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान चलाया गया। जिसको लेकर विपक्ष ने कड़ा प्रतिवाद किया और अदालत में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती भी दी। बताते हैं कि अब भारतीय चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में हैं। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे । उल्लेखनीय है कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची इस महीने के अंत तक प्रकाशित होने वाली है। इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी देशों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निस्संदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में दो राय नहीं हो सकती है कि मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने करने के लिये तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

निस्संदेह, राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है। लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है। जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा दिक्कत राजनीतिक दलों के मुखर विरोध की भी है। खासकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर क्रियान्वयन तो और ज्यादा मुश्किल होगा। हाल के वर्षों में देखा गया है कि सीमावर्ती राज्यों में अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिये राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता विदेशी नागरिकों के जरूरी कागजात बनवाने में गुरेज नहीं करते। उल्लेखनीय है

कि उपरोक्त तीनों राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक प्रतिरोध स्वाभाविक ही है। हाल में तमिलनाडु के द्रुमक मंत्री दुरई मुरुगन तल्ख टिप्पणी कर चुके हैं कि बिहार में इस्तेमाल की गई 'चालें' तमिलनाडु में काम नहीं आने वाली हैं, क्योंकि उनके राज्य में लोग राजनीतिक रूप से ज्यादा जागरूक हैं। उनके राज्य में लोगों को भ्रमित नहीं किया जा सकता। यह भी हकीकत है कि चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिये सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है। निर्विवाद रूप से समान अवसर का अभाव चुनावी लोकतंत्र की पवित्रता और अखंडता को कमजोर कर सकता है। निस्संदेह, बिहार एसआईआर से मिले सबक चुनाव आयोग को अन्य राज्यों में इसी तरह की प्रक्रिया के लिये रोडमैप तैयार करते समय मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने चुनाव आयोग को आत्मनिरीक्षण और बीच में ही अपनी दिशा बदलने के लिये प्रेरित किया है। यह काफी हद तक एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे याचिकाकर्ताओं के अथक प्रयासों के कारण ही संभव हो पाया है,.

# अमेरिका की तरफ झुकाव से भारत को नुकसान

तथ्य यह है कि ट्रम्प के प्रति तमाम प्रकार की सहनशीलता दिखाने के बावजूद भारत को दंडित किया गया तब यह स्पष्ट होना चाहिए कि अति उत्साह का प्रदर्शन कभी भी अच्छा नहीं होता है, यहां तक कि कई बार प्रतिकूल भी होता है। खासकर उन परिस्थितियों में जब इसे किसी दी गई वैश्विक व्यवस्था में शामिल होने की हताशा के रूप में देखा जाता है। यह मानता है कि झुकाव एक तरफ है या दूसरी ओर। भारतीय भोजन

यह कहना-सुनना असामान्य नहीं है विदेश नीति नैतिक सिद्धांतों के बारे में नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के बारे में होती है। डोनाल्ड ट्रम्प ने जिस तरह से सावधानीपूर्वक पोषित वैश्विक समझौतों को देखते हुए- व्यापार से लेकर जलवायु परिवर्तन तक को अमेरिकी विदेश नीति में प्रधानता दी है, यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि अल्पकालिकता को, जिसे सबसे संकीर्ण तरीके से परिभाषित किया गया है, आज अमेरिकी विदेश नीति का प्रधान बिंदु है। यह जरूरी नही है कि उपद्रवी और अक्सर अशालीन ट्रम्प की नीतियां अमेरिकी परंपराओं के साथ ताल-मेल बिठाती हों। यह बात इससे स्पष्ट हो जाती है कि 1970 के दशक में पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर की टिप्पणी (निक्सन युग के राजनयिक अलेक्जेंडर हैग ने कहा कि %मैंने किसिंजर से यह कहते सुना था कि कि अमेरिका का कोई स्थायी मित्र या स्थायी दुश्मन नहीं है, केवल उसके हित हैं। दूसरे, प्रशासन अलग स्वर में बोल सकते हैं लेकिन उनके कार्यों का आशय या प्रभाव अलग नहीं रहा है। यहां हम नोबेल शांति पुरस्कार विजेता बराक ओबामा पर विचार करें जिन्होंने ड्रोन हमलों में किसी भी अन्य राष्ट्रपति की तुलना में अफगानिस्तान में अधिक लोगों को मार डाला। 1939 में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर परिभाषित अपनी पुस्तक (द ट्वेंटी इयर्स क्राइसिसः 1919-1939) में ईएच कैर ने नैतिक सिद्धांतों की आड़ में हितों को छिपाने की राजनीतिक आवश्यकता के बारे में बात की। यह एक सदी पुराना अवलोकन है जो अमेरिकी विदेश नीति परिचालन वास्तविकताओं में एक स्थायी अंतर्दृष्टि बनी हुई है।वर्तमान संदर्भ में अमेरिकी नीति का अचानक लबादा हटने और उसके नंगेपन को देखते हुए सवाल यह है कि भारत कैसे प्रतिक्रिया देता है? यह एक सकारात्मक संकेत है कि भारत अमेरिकी मांगों के आगे नहीं झुका है। ये ऐसी मांगें हैं जिन्हें देश पूरा नहीं कर सकता है; न ही करना चाहिए। अमेरिका लंबे समय से, खास तौर पर कृषि और डेयरी आयात पर नियंत्रण हटाने के संदर्भ में दबाव डाल रहा है। भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल के आयात को लेकर अमेरिका हमेशा भुनभुनाता रहा है। यह भुनभुनाहट भारत को अपने बाजारों को अमेरिका के लिए और भी अधिक खोलने के लिए प्रेरित करने के लिए है। अब जब उसे दिख रहा है कि भारत झुकता नहीं है, तो उसने 50 प्रतिशत टैरिफ का हमला किया है जो सभी देशों के मुकाबले सबसे खराब व्यवहार में से एक है। ऐसे में यह सवाल जरूरी है वे कौन से सबक हैं जो सबसे अलग हैं? अमेरिका से उभरने वाले नए और बुरे खतरों को देखते हुए कि आईटी और अन्य सेवाओं को जल्द ही टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। भारतीयइसके अलावा, जैसे-जैसे भारत महत्वपूर्ण प्रति-संतुलन का प्रयास करता है और नए गठबंधनों पर काम करता है एवं साझेदारियों पर फिर से विचार करता है, इससे संबंधित प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं कि देश इस मजबूत जकड़ से छूटने का प्रबंधन कैसे करता है। सबसे महत्वपूर्ण घटना 1 सितंबर को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुत ही स्पष्ट भागीदारी थी। चीन के प्रधानमंत्री शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ तस्वीर में क्या भारत ने अमेरिका को कोई महत्वपूर्ण संदेश नहीं दिया? क्या यह अमेरिकी राष्ट्रपति की दुविधापूर्ण मनस्थिति का प्रतीक नहीं है जहां वे किसी व्यक्ति, किसी स्थिति, विचार के प्रति अनिर्णायक और अस्थिर रहे हैं? एक पल में हां करने और अगले ही पल मना करने जैसी प्रतिक्रिया तुरंत नहीं दी थी? पहले उन्होंने शिकायत की थी कि भारत और रूस चीन से हार गए हैं और फिर अमेरिका और भारत के बीच एक विशेष संबंध पर जोर दिया जिसका मोदी ने तुरंत स्वागत किया। लेकिन जैसा कि शशि थरूर ने बिल्कुल सही पूछा है- क्या भारत ट्रम्प द्वारा किए अपमान और टैरिफ को भूल सकता है?तथ्य यह है कि ट्रम्प के प्रति तमाम प्रकार की सहनशीलता दिखाने के बावजूद भारत को दंडित किया गया तब यह स्पष्ट होना चाहिए कि अति उत्साह का प्रदर्शन कभी भी अच्छा नहीं होता है, यहां तक कि कई बार प्रतिकूल भी होता है। खासकर उन परिस्थितियों में जब इसे किसी दी गई वैश्विक व्यवस्था में शामिल होने की हताशा के रूप में देखा जाता है। यह मानता है कि झुकाव एक तरफ है या दूसरी ओर। भारत पहले ही एक तरफ अति उत्साही होकर अपनी उंगलियां जला चुका है। भारतीय भोजननमस्ते ट्रम्प या हाउडी मोदी जैसी बातों को व्यक्तिगत केमिस्ट्री कहना और फिर उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना, उस पर अधिक जोर देना या पूरे दिल से अमेरिका के साथ जुड़ने की घटनाओं ने भारत पर दोहरी मार की है। उदाहरण के लिए जिस तरह से भारत ने जून 2025 में गाजा में युद्धविराम का आह्वान करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से परहेज किया वह भारत के पक्ष में नहीं रही। उसने भारतीय हितों की रक्षा नहीं की और भारत को सिद्धांत पर खड़ा नहीं किया- न तो यथार्थवादी और न ही आदर्शवादी के रूप में दिखाया। नुकसान भारत का ही ज्यादा हुआ है। संयोग से एससीओ के पूरे समूह ने जून के प्रस्ताव के लिए मतदान किया जिसका शीर्षक था- %नागरिकों की सुरक्षा तथा कानूनी और मानवीय दायित्वों को बनाए रखना%। ब्रिक्स देशों, एससीओ ब्लॉक या वास्तव में दक्षिण एशिया (भारत के अलावा) में से किसी ने भी भाग नहीं लिया जो एससीओ देशों के प्रति भारतीय अभिविन्यास में एक असंयोजन की ओर इशारा करता है।



कुछ हलकों का यह तर्क सीमित अपील करने वाला है कि टैरिफ के मामले में भारत दुनिया का ध्यान आकर्षित करेगा और भारत की बात स्वीकार की जाएगी क्योंकि वह एक आर्थिक महाशक्ति है जो जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।

बेशक भारत में सबकी रुचि है लेकिन इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि पश्चिमी व्यवसायों के लिए इसका बाजार कैसे उपलब्ध कराया जा सकता है। निर्यात के मामले में भारत के पास विविधता भरा एक अच्छा पोर्टफोलियो नहीं है और वह अमेरिका पर अत्यधिक निर्भर है जिसके कारण वह भारत को निचोड़ सकता है और धमकी दे रहा है। भारतीय भोजनयह दिलचस्प है कि भारत ने ट्रम्प की हरकतों के जवाब में रणनीतिक स्वायत्तता की नीति पर निर्माण करने के लिए महात्मा गांधी का उपयोग किया है। ट्रम्प के प्रति भारत की प्रतिक्रिया को एक अनाम शीर्ष सरकारी प्रवक्ता के हवाले से इन शब्दों में समझाते हुए कहा गया है- हमने गांधीवादी सत्याग्रह मॉडल का पालन किया है .., तुमने हमें मारा। निश्चित रूप से यह हमें दर्द देता है लेकिन हम पलटवार नहीं करेंगे। न ही हम आदेश का पालन करेंगे या किसी बिंदीदार रेखा पर हस्ताक्षर करेंगे। इसमें उच्च नैतिक आधार तक पहुंचने के संकेत हैं लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह भारत से और भी बहुत कुछ मांगेगा। जब इजरायल गज़ा में खून बहा रहा है तब यह भारत को इजरायल के साथ गठबंधन करने के बारे में चुनौती देगा।

# भारत-पाक मैच पर भड़की कांग्रेस, बलवंत वानखड़े बोले- ये सैनिकों का अपमान है

**एजेंसी**

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती से कांग्रेस सांसद बलवंत बसवंत वानखड़े ने भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिस देश ने भारत की अस्मिता पर हमला किया, उसके साथ क्रिकेट मैच खेलना गलत है। इस मैच के जरिए पहलगाम हमले में शहीद हुए निर्दोषों और सैनिकों की वीरता का अपमान हो रहा है। कांग्रेस सांसद बलवंत बसवंत वानखड़े ने रविवार को बातचीत में कहा, जिन्होंने भारत की अस्मिता पर हमला किया और जिनके कारण एक आतंकी हमले में निर्दोष लोग मारे गए हैं, उस देश के साथ क्रिकेट खेलना सही नहीं है। पहलगाम हमले के बाद हमारे सैनिकों ने वीरता का परिचय दिया और आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया। ऐसे में आज का मैच हमारे सैनिकों की वीरता का अपमान है। उन्होंने आगे कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान का पानी बंद किया और बाकी अन्य संबंध भी खत्म कर दिए। इसके बावजूद भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच क्यों हो रहा है? इस मैच के होने से न केवल हमारे सैनिकों का अपमान हो रहा है बल्कि हम कमजोर भी दिखाई दे रहे हैं। इसलिए मैं इस मैच की अनुमति देने वालों की कड़ी निंदा करता हूं।÷ भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का हाई-वोल्टेज



मैच खेला जाना है। टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में अब तक दोनों देश तीन बार आमने-सामने रहे हैं, जिसमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा। हालांकि, इस मैच को लेकर लोगों का विरोध भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले मृतकों के परिवार ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का विरोध किया है। गुजरात के भावनगर के यतीशभाई परमार और उनके बेटे स्मित के परिवार ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर विरोध जताया। पीड़ित परिवार ने कहा कि हमारे आंसू अभी सूखे भी नहीं हैं, ऐसे में पाकिस्तान के साथ कोई मैच या संबंध नहीं होना चाहिए।

## सिक्किम में भूस्खलन से पंचायत अध्यक्ष की मौत, अब तक 5 लोगों की जा चुकी है जान

**एजेंसी**

**गंगटोक।** सिक्किम के गेजिंग जिले के 19-सरदोंग लुंगजिक ग्राम पंचायत के पंचायत अध्यक्ष राजेन गुरुंग की भूस्खलन की चपेट में आने से मौत हो गई। शनिवार देर रात तक चले राहत एवं बचाव कार्य के बाद मृतक गुरुंग का शव बरामद किया गया।19-सरदोंग लुंगजिक ग्राम पंचायत के पंचायत अध्यक्ष राजेन गुरुंग की रात अपर सरदोंग के लामा गांव वार्ड में भूस्खलन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना मृतक के घर के पास हुई। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन के प्रयासों के बाद शव बरामद किया गया। भारी बारिश के बीच राहत एवं बचाव कार्य काफी चुनौतीपूर्ण रहा।सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने पंचायत अध्यक्ष राजेन गुरुंग के निधन पर गहरा



शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ने रविवार सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पंचायत अध्यक्ष राजेन गरुंग के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि दिवंगत गुरुंग की अपने समुदाय के प्रति निःस्वार्थ सेवा और लोगों के लिए उनके अथक योगदान को गहरे सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश से जानमाल का काफी नुकसान हो रहा है। खासकर पश्चिमी सिक्किम में भूस्खलन के कारण अब तक 5 लोगों की जान जा चुकी है। पश्चिम सिक्किम के अपर रिम्बिक में 11 सितंबर की रात भूस्खलन में 3 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले 10 सितंबर की सुबह पश्चिम सिक्किम के ही थांगसिंग में भूस्खलन में एक महिला की मौत हो गई थी।

## जिनको जनता ने नकारा, वो गलत बयानबाजी से पैदा कर रहे अराजकता : शेखावत

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जिन लोगों को जनता ने लोकतंत्र के रण में नकार दिया है, वो अपनी खीज मिटाने के लिए गलत बयानबाजी करके देश में अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग केवल अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए ऐसा कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता आने वाले चुनाव में भी उन्हें फिर सबक सिखाएगी। अपने गृह जनपद पहुंचे शेखावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैंने पिछले बार भी कहा था कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और भारत की आंतरिक सुरक्षा विश्व के बेहतरीन देश के अनुरूप है। मजबूत है। जो लोग गलत बयानी कर देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, वह अत्यंत निंदनीय है। बिहार के चुनाव में कांग्रेस एआई जेनरेटेड प्रधानमंत्री जी की मां का वीडियो डालने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसमें कानून संवत कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा विधानसभा में सीसीटीवी लगाने और गोपनीयता भंग करने के आरोप के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिसकी जैसी सोच होती है, उसे वैसा ही दिखाई देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसी भी प्रकार की तकनीकी सुविधा का उपयोग पूरी गंभीरता और कठोरता के साथ किया जा सकता है। शेखावत ने राजस्थान में आए धर्मांतरण कानून को देश का सबसे कठोर कानून बताया। उन्होंने कहा कि जब यह कानून एक बार धरातल पर आ जाएगा तो इसे देखकर अन्य राज्य भी ऐसा ही कानून अंगीकार करेंगे।

## पंजाब बॉर्डर पर बीएसएफ का बड़ा एक्शन - 3 तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन और ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में नशे और ड्रोन तस्करी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर 3 तस्करों को गिरफ्तार किया, साथ ही ड्रोन और बड़ी मात्रा में हेरोइन भी जब्त की है। यह ऑपरेशन अमृतसर, तरनतारन और फिरोजपुर सेक्टरों में किए गए, जिनमें बीएसएफ जवानों ने सटीक खुफिया जानकारी पर त्वरित कार्रवाई की। इस बात की जानकारी बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल के जरिए दी। अमृतसर जिले में गांव रत्तनखुर्द के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि देखी गई। बीएसएफ जवानों ने तत्काल इलाके को घेरते हुए तलाशी अभियान चलाया, जिसमें 590 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके कुछ घंटे बाद, तरनतारन जिले के गांव कलसियां के पास एक तस्कर को 560 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। इसके अलावा, नौशेरा धल्ला इलाके में 600 ग्राम हेरोइन जमीन में छिपाई गई हालत में मिली, जिसे जवानों ने जब्त कर लिया।

# 'मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं', दरांग में बोले पीएम मोदी

**एजेंसी**

**दरांग (असम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से 'ऑपरेशन सिंदूर' बहुत बड़ी सफलता थी और मुझे यहां आकर काफी खुशी हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दरांग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मेरा असम का पहला दौरा है। मां कामाख्या के आशीर्वाद से 'ऑपरेशन सिंदूर' बहुत बड़ी सफलता थी। आज मां कामाख्या की इस धरती पर आकर मुझे एक अलग ही पवित्र अनुभूति हो रही है और ये भी सोने पे सुहागा है कि आज इस क्षेत्र में जन्माष्टमी मनाई जा रही है। लाल किले से मैंने कहा था, 'मुझे



चक्रधारी मोहन याद आए।' मुझे श्री कृष्ण याद आए और मैंने भविष्य की सुरक्षा नीति में एक सुदर्शन चक्र का विचार लोगों के सामने रखा है।' पीएम मोदी ने कहा, 'हम भारत रत्न सुधाकंठा भूपेन हजारिका का जन्मदिन पहले ही मना चुके हैं। एक दिन पहले मुझे उनके सम्मान में आयोजित एक बहुत बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने मुझे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का एक वीडियो दिखाया और इसे देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। जिस दिन भारत सरकार ने इस देश के महान सपूत, असम के गौरव, भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने कहा था कि मोदी नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहे हैं। 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद पंडित नेहरू ने जो कहा, उससे उत्तर पूर्व के लोगों के घाव आज भी नहीं भरे हैं।'

उन्होंने भूपेन हजारिका का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे कितनी ही गालियां दें, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं। लेकिन, जब किसी और का अपमान होता है, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोग मुझे बताएं कि क्या भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का मेरा निर्णय सही है या गलत? क्या कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए किया गया अपमान सही है या गलत?' उन्होंने आगे कहा, 'पूरा देश आज 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है, खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए 'विकसित भारत' सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है।'

## खराब मौसम के चलते नहीं शुरू हो पाई माता वैष्णो देवी यात्रा, अगले आदेशों तक फिर स्थगित

**एजेंसी**

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी यात्रा खराब मौसम के कारण 19 दिनों के अंतराल के बाद आज से नहीं शुरू हो पाई और अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। भवन और ट्रैक पर लगातार बारिश के चलते यात्रा रोकने के बाद श्राइन बोर्ड ने भक्तों से आधिकारिक संचार चैनलों के माध्यम से अपडेट रहने का अनुरोध है। माता वैष्णो देवी यात्रा के रास्ते में 26 अगस्त को अर्धकुंवारी में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 34 लोगों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई अन्य घायल हो गए। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 26 अगस्त के



भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता विभागीय जल शक्ति के अतिरिक्त मुख्य सचिव शलीन कबरा कर रहे हैं, जिसमें डिविजनल कमिश्नर और जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक भी शामिल हैं। यह कमेटी जांच के बाद एलजी सिन्हा को एक व्यापक रिपोर्ट सौंपेगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुमार वैश्य ने 13 सितंबर को 22 सितंबर से शुरू होने वाले नौ दिवसीय नवरात्रों के दौरान निर्बाध तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए आध्यात्मिक विकास केंद्र, कटरा में एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। सीईओ ने कहा कि नवरात्रि उत्सव नजदीक है और बोर्ड को पवित्र तीर्थस्थल और कटरा में आधार शिविर में भक्तों की एक महत्वपूर्ण आमद की उम्मीद है। इस प्रकार नवरात्र महोत्सव के दौरान सभी हितधारकों के बीच तालमेल पर जोर दिया गया। उन्होंने आने वाले दिनों में परेशानी मुक्त तीर्थयात्रा के लिए विभिन्न मोर्चों पर कार्रवाई करने का भी आह्वान किया।श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने खराब मौसम और पवित्र तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग के आवश्यक रखरखाव के कारण अस्थायी रूप से स्थगित होने के बाद श्री माता वैष्णो देवी जी की यात्रा 14 सितंबर (रविवार) से अनुकूल मौसम की स्थिति के अनुसार फिर से शुरू करने की घोषणा की थी।

# पलामू में सुरक्षाबलों और टीपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 5 लाख का इनामी ढेर

**एजेंसी**

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले के मनातू जंगल में रविवार को सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के बीच हुई मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली मुखदेव यादव मारा गया। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने 10 लाख के इनामी कमांडर शशिकांत को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। कोबरा, झारखंड जगुआर और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम जब कॉम्बिंग कर रही थी, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में मुखदेव यादव मारा गया। मुखदेव पर कई गंभीर मामले दर्ज थे और वह तीन सितंबर को पलामू में हुई उस मुठभेड़ में भी शामिल था, जिसमें पुलिस के दो जवान शहीद हुए थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार का अभियान अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है, जिसमें 200 से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल रहे। शशिकांत के दस्ते में 8 से 10 सदस्य होने की जानकारी मिली है, जिनमें मुखदेव और एक अन्य इनामी नक्सली नगीना भी शामिल था। इसके पहले 7 सितंबर को पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना



क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर मुठभेड़ में पुलिस और सुरक्षा बलों ने दस लाख के इनामी नक्सली अमित हांसदा उर्फ अपटन को ढेर कर दिया था। बोकारो जिले के ढोडी गांव का रहने वाला अमित 96 नक्सली वारदातों में वांटेड था।झारखंड पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में हर महीने औसतन तीन नक्सली मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। पुलिस का अनुमान है कि फिलहाल राज्य में 100 से 150 माओवादी सक्रिय हैं। फिलहाल 58 नक्सली इनामी सूची में हैं, जिन पर कुल 5 करोड़ 46 लाख रुपए का इनाम घोषित है। झारखंड पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में भाकपा माओवादी के 13 बड़े नक्सली हैं, जिनमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और असीम मंडल पर एक-एक करोड़ का इनाम है। इनके अलावा, अनमोल, मोछु, अजय महतो, अगेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, जयकांत और रापा मुंडा भी सूची में शामिल हैं। इस साल नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी मुठभेड़ 21 अप्रैल को हुई थी, जब बोकारो जिले के लुगु पहाड़ पर एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ विवेक सहित आठ माओवादी मारे गए थे। झारखंड पुलिस और केंद्रीय बल मार्च 2026 तक राज्य को नक्सल मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत अभियान चला रहे हैं। इस वर्ष जनवरी से अब तक कुल 24 नक्सली मारे जा चुके हैं।

# भारत-नेपाल सीमा पर सामान्य हो रहे हालात, अंतरिम सरकार गठन के बाद व्यापारिक गतिविधियों में रफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरिम सरकार गठन के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रुपईडीहा बॉर्डर से यात्री वाहन, कार, मोटरसाइकिल, पैदल यात्री और मालवाहक ट्रक गुजरते देखे गए।

जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में कारोबारी ट्रक नेपाल में दाखिल हुए, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को रफ्तार मिली है। हालांकि, आम नागरिकों की आवाजाही अब भी सीमित दिखाई दे रही है। इन सबके बीच, सीमा चौकियों पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्नी हैं और नागरिकों व वाहनों की लगातार निगरानी की जा रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हालात पहले की तुलना में काफी शांत हैं और आने वाले दिनों में सामान्य जनजीवन पूरी तरह बहाल होने की उम्मीद है। दरअसल, नेपाल में हाल ही में हुए बड़े पैमाने पर जेन-जी विरोध-प्रदर्शनों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। प्रदर्शन की शुरुआत सरकार द्वारा कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगाने से हुई



थी, लेकिन यह आंदोलन जल्द ही भ्रष्टाचार, राजनीतिक भाई-भतीजावाद, आर्थिक असमानता और युवाओं में बेरोजगारी को लेकर बड़ी लहर में बदल गया। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'डिस्कॉर्ड' जैसे माध्यमों ने इस नेतृत्वविहीन आंदोलन को संगठित करने में अहम भूमिका निभाई। देखते-ही-देखते हजारों युवा सड़कों पर उतर आए। आंदोलन हिंसक झड़पों में तब्दील हो गया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई और सरकारी भवनों, राजनीतिक दलों के दफ्तरों सहित बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा। देशभर में बढ़ते जन दबाव और हिंसा की घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद नेपाल की राजनीति में अहम बदलाव हुए और पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया। सरकार बदलने और नई व्यवस्था बनने के बाद अब भारत-नेपाल सीमा पर हालात स्थिर होते नजर आ रहे हैं। व्यापारिक गतिविधियां धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही हैं। वहीं, कारोबारी वर्ग के लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, आम नागरिकों की आवाजाही को लेकर अभी भी कुछ संकोच दिखाई दे रहा है।

## जादवपुर विवि में छात्रा की मौत पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने कोलकाता पुलिस आयुक्त को भेजा पत्र

**एजेंसी**

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय की छात्रा की मौत के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। इस संबंध में आयोग ने कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। आयोग ने शनिवार सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर उसने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। साथ ही, विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष नजर डालने को कहा गया है। आयोग ने तीन दिनों के भीतर कोलकाता पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।घटना की है। विश्वविद्यालय के चार नंबर गेट के पास स्थित झील किनारे अचानक एक छात्रा का शव उतराता हुआ मिला था। मृत छात्रा की पहचान अनामिका मंडल के रूप में हुई, जो जादवपुर विश्वविद्यालय की स्नातक स्तर की तृतीय वर्ष की छात्रा थी। छात्रों के मुताबिक, उस दिन ड्रामा क्लब द्वारा पार्की लॉट के सामने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अनामिका भी उसमें शामिल हुई थीं। रात करीब 9:55 बजे वह शौचालय जाने के लिए उठीं, लेकिन उसके बाद अचानक गायब हो गईं। कुछ देर बाद उनका शव झील में पाया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई, जिसमें किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मौत डूबने से हुई है।

# एनआईए ने बिहार में फुलवारीशरीफ आपराधिक साजिश मामले में पीएफआई के प्रदेश अध्यक्ष को किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2022 के फुलवारीशरीफ आपराधिक साजिश मामले में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के बिहार अध्यक्ष महबूब आलम नदवी को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने बताया कि मामला धार्मिक शत्रुता फैलाकर विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने और देश के खिलाफ असंतोष भड़काने से जुड़ा था। जांच में सामने आया कि आरोपित और अन्य सह आरोपित पीएफआई की विचारधारा को बढ़ावा देकर जनता के बीच भय फैलाने और इस्लामी शासन स्थापित करने की साजिश में शामिल थे। संगठन का यह एजेंडा उसके जब्त दस्तावेज ÷भारत 2047 भारत में इस्लाम के शासन की ओर, आंतरिक दस्तावेज =परिसंचरण हेतु नहीं÷ में दर्ज है। एनआईए के अनुसार, महबूब आलम नदवी को किशनगंज से गिरफ्तार किया गया। वह बिहार के कटिहार जिले के हसनगंज इलाके का रहने वाला है। यह इस मामले में गिरफ्तार और चार्जशीट किया गया 19वां आरोपित है। प्रारंभ में यह मामला स्थानीय पुलिस ने 26 आरोपितों के खिलाफ दर्ज किया था। एनआईए ने बताया कि 11 जुलाई




2022 को पटना के फुलवारीशरीफ स्थित अहमद पैलेस से जब्त दस्तावेजों और अन्य सबूतों से पता चला कि महबूब आलम नदवी पीएफआई की भर्ती, प्रशिक्षण, बैठकों और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में सक्रिय था। उसने सहआरोपितों और पीएफआई कैडरों के लिए धन भी जुटाया।

# कोलकाता में डीआरआई ने 26 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त किए, मास्टरमाइंड समेत 10 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**कोलकाता।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की। डीआरआई की कोलकाता क्षेत्रीय इकाई ने 12 सितंबर को चलाए गए बहुआयामी अभियान में लगभग 26 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए और रैकेट के मास्टरमाइंड सहित कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, सुबह के शुरुआती घंटों में तीन अलग-अलग स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया गया। इनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डा और मास्टरमाइंड द्वारा किराए पर लिए गए और संचालित एक अन्य आवास से,



जादवपुर के बिजॉयगढ़ इलाके के दो आवासीय परिसर शामिल थे। रैकेट के मास्टरमाइंड के आवास से भारी मात्रा में हाइड्रोपोनिक वीड, कैनाबिस और कोकीन बरामद किया गया है। 'वितरण के लिए तैयार' रूप में भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। कोलकाता में ऐसी नशीली दवाओं की बिक्री और स्थानीय वितरण के लिए काम कर रहे मास्टरमाइंड के चार सहयोगियों को भी उसी स्थान से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने उक्त स्थानों से नकदी भी जब्त की, जो नशीले पदार्थों की बिक्री से प्राप्त हुई थी। सिंडिकेट का एक अन्य सदस्य, जो विदेशों में आपूर्तिकर्ताओं की व्यवस्था करने में शामिल है, को भी उसी दिन गिरफ्तार किया गया। इस बीच, दमदम स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे पर एक अलग अभियान में, बैंकॉक से आ रहे उक्त गिरोह से जुड़े चार मालवाहकों (जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल थीं) को पकड़ा गया है। उनके पास से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। कुल मिलाकर अभियान में कुल 32.466 किलोग्राम गांजा, 22.027 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड, 345 ग्राम कोकीन और नकदी जब्त की गई है। मास्टरमाइंड, विदेशी वाहक, खुदरा वितरक और बिचौलियों सहित दस लोगों (सभी भारतीय नागरिक) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए अदालत में पेश किया गया है। सभी जब्ती और गिरफ्तारियाँ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत की गई हैं। आगे की जांच जारी है।

## द्वारका पुलिस ने 6 घंटे में सुलझाया कार जैकिंग केस, 4 नाबालिगों को पकड़ा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर कार जैकिंग की वारदात का पर्दाफाश करते हुए 4 नाबालिगों को पकड़ा। सभी नाबालिग कुख्यात अमन उर्फ राज्जी गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई कार, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पर्स और अन्य सामान बरामद कर लिया है। दरअसल, 11 सितंबर की रात करीब 9-58 बजे द्वारका साउथ थाना क्षेत्र में एक कैब ड्राइवर ने पीसीआर कॉल कर कार लूट की सूचना दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे एक बुकिंग मिली थी, जिसके तहत चार लड़के उसकी सफेद रंग की कार में सवार हुए और कालकाजी जाने के लिए कहा। इसके बाद सेक्टर-7 द्वारका के सिद्धार्थ कुंज अपार्टमेंट और भैंसवाला पार्क के बीच सुनसान जगह पर पहुंचकर आरोपियों ने ड्राइवर को जबरन कार से बाहर खींच लिया और गला दबाकर नीचे उतार दिया। इसके बाद सभी नाबालिग कार सहित मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और पर्स लेकर फरार हो गए। इस मामले में एफआईआर संख्या 350/2025, धारा 309(4)/3(5) बीएनएस, थाना द्वारका साउथ में दर्ज की गई। सूचना मिलते ही एसएचओ द्वारका साउथ के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमें गठित की गईं। इलाके की सघन तलाशी ली गई, सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और टोल प्लाजा को अलर्ट किया गया।

## क्या ट्रंप के दबाव में पाकिस्तान से खेल रहा भारत : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पाकिस्तान के साथ भारत का मैच कराने पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पूरा देश इस मुकाबले के खिलाफ है, तब सरकार इसे आयोजित कराने पर क्यों जोर दे रही है।केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री जी को पाकिस्तान के साथ मैच करवाने की आखिर क्या ज़रूरत है? सारा देश कह रहा है कि ये मैच नहीं होना चाहिए। फिर ये मैच क्यों करवाया जा रहा है?उन्होंने आरोप लगाया कि क्या यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में लिया जा रहा है। क्या ये भी ट्रम्प के दबाव में किया जा रहा है? आखिर ट्रम्प के आगे कितना झुकोगे?14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 का मुकाबला होने जा रहा है. इस मैच से पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी कहती हैं कि मेरा मानना है कि बीसीसीआई को इस मैच को मंजूरी नहीं देनी चाहिए थी. मुझे लगता है कि बीसीसीआई उन 26 परिवारों के प्रति भावुक नहीं है. हमारे क्रिकेटर क्या कर रहे हैं? हमारे क्रिकेटर जिन्हें हम राष्ट्रवादी मानते हैं, उन्हें इस पर अपनी आवाज उठानी चाहिए थी. क्रिकेट हमारा राष्ट्रीय खेल है, लेकिन दुर्भाग्यवश 1-2 क्रिकेटरों को छोड़कर कोई भी इस बात पर आगे नहीं आया कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार किया जाना चाहिए।

## सीएम के शालीमार बाग क्षेत्र को मिली हॉटलाइन मेंटेनेंस वैन, बिना बिजली सप्लाई रोके होगी तारों की मरम्मत

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद और सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी उपस्थित रहे। इन परियोजनाओं में पानी की समस्या को दूर करने के लिए बूस्टर पंप की स्थापना, पुरानी पानी की टंकी का पुनर्निर्माण, नया ट्यूबवेल, बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेषीकृत मरम्मत वाहन और अंडरग्राउंड केबल बिछाने जैसी योजनाएं शामिल हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने मंत्री आशीष सूद के नेतृत्व में दिल्ली को एक शानदार तोहफा दिया है। यह तोहफा सबसे पहले मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र को समर्पित किया गया है।यह एक विशेष वाहन है, जो बिजली आपूर्ति बाधित किए बिना तारों की मरम्मत कर सकता है। यानी रखरखाव या मरम्मत के काम के दौरान आपके घरों की बिजली एक मिनट के लिए भी नहीं कटेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यह डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से खरीदा गया पहला ऐसा वाहन है। हमारी योजना भविष्य में इन मशीनों की संख्या बढ़ाने की है, ताकि बिजली लाइनों का रखरखाव बिना बिजली सप्लाई रोके किया जा सके। दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए ऐसे वाहन लाए जाएंगे।

## विश्व पटल पर हिंदी का बढ़ता सम्मान गर्व की बात : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि दुनिया भर में हिंदी के प्रति बढ़ता सम्मान सभी भारतीयों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। हर साल 14 सितंबर को मनाया जाने वाला हिंदी दिवस, हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाने की याद में मनाया जाता है। इस दिन का ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि 1949 में संविधान सभा ने संविधान के प्रारूपण के दौरान आधिकारिक भाषा के ढांचे पर आम सहमति बनाई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आप सभी को हिंदी दिवस की अनंत शुभकामनाएं। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कारों की जीवंत धरोहर है।

# वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत का लोकतंत्र और जीवंत संविधान दुनिया के लिए मार्गदर्शक : ओम बिरला

एजेंसी
**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत के लोकतंत्र और जीवंत संविधान को दुनिया के लिए मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक प्रणाली हमारे विधायी तंत्र को आज भी प्रेरणा और मार्गदर्शन देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने सभी राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों से आह्वान किया कि सदन की सकारात्मक और जनकेन्द्रित चर्चाओं से राष्ट्र विकास का संकल्प साकार करें। लोक सभा अध्यक्ष ने कर्नाटक विधानमंडल की मेज़बानी में आयोजित 11वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए)-भारत क्षेत्र सम्मेलन के समापन समारोह में ये विचार व्यक्त किए। सदनों में नियोजित गतिरोध पर चिंता व्यक्त करते हुए ओम बिरला ने सभी



राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापक संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मीडिया से भी आग्रह किया कि सदन में तथ्यपरक, सारगर्भित चर्चा करने वाले जनप्रतिनिधियों के दृष्टिकोण को प्रमुखता से दिखाए, ताकि सदस्यों के बीच स्वस्थ संवाद के लिए प्रतिस्पर्धा हो। ओमबिरला ने कहा कि इन सम्मेलनों के माध्यम से हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में विधानमंडल नियोजित गतिरोध के बिना कार्य कर सकें। उन्होंने सदन में कार्य व चर्चाओं की अवधि तथा सत्रों में बैठकों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। इस बात पर जोर दिया कि सभी विधानमंडल अपनी कार्यवाही और चर्चा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मानक स्थापित करें। ओम बिरला ने कहा कि हमें युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों को नेतृत्व के अवसर देने होंगे, जिससे संवाद समावेशी बने और समाज का हर वर्ग अपने विचार और अनुभव साझा कर सके। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि जनता यह महसूस करे कि विधानमण्डल उनकी आवाज़ का सशक्त मंच है, न कि केवल राजनीतिक टकराव का स्थान। वैचारिक या राजनैतिक मतभेदों के आधार पर सदन रोकने के स्थान पर हमारा संकल्प सदन चलाने का होना चाहिए।

## बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए एम्स ने शुरू की टेलिमेडिसिन सेवा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** देश के बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने एक टेलिमेडिसिन सेवा शुरू की है। इस सेवा के तहत एक मोबाइल नंबर 9355023967 जारी किया गया है जिससे लोग डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। यह हेल्पलाइन पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के लोगों के लिए शुरू की है। एम्स के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमरिंदर सिंह मल्ही ने मीडिया को बताया कि एम्स नई दिल्ली उत्तर भारत के सभी प्रभावित क्षेत्रों के लिए अपनी चिकित्सा सेवाएं शुरू की है। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के रोगियों के उपचार में मदद करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि चिकित्सा सहायता, टेलीफोन पर मरीजों को सलाह और सहायता सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि मरीजों को टेलिफोन पर स्वास्थ्य सलाह देने के साथ उन्हें दवाइयां पहुंचाने की दिशा में भी योजनाएं बनाई जा रही है। फोन कॉल की संख्या के बाद टेलीमेडिसिन लाइन की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और बिहार जैसे राज्यों में बाढ़ का पानी कुछ जगहों पर उतरना शुरू तो हो गया है, लेकिन इसके साथ ही वह कई सारी बीमारियां भी लेकर आया है। इससे होने वाली बीमारी की चपेट में राज्यों के कई लोग आ गए हैं। बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए नई दिल्ली स्थित एम्स ने टेली टेलीमेडिसिन सेवा शुरू की है।

## सर्जरी से बचाव और जीवन की गुणवत्ता बेहतर करने में फिजियोथेरेपी की अहम भूमिकाः अनुप्रिया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने दर्द निवारण, बढ़ती उम्र में गतिशीलता, रोगों की रोकथाम, सर्जरी से बचाव और समग्र स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने में फिजियोथेरेपी की अहम भूमिका की सराहना करते हुए इसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर जोर दिया है। अनुप्रिया पटेल यहां आयोजित इंडियन एसोसिएशन आफ फिजियोथेरेपी(आईएपी)- महिला सेल एवं फिज़ियोमंथन-2025 के तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आईएपी द्वारा आज से ही आरंभ 'समुदाय-आधारित पॉश्चर एजुकेशन प्रोग्राम' की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे भावी पीढ़ियों का 'मस्कुलोस्केलेटल विकारों' से बचाव कर स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकेगा। उन्होंने आईएपी विमेन सेल के प्रयासों की भी सराहना की जिसने एक स्वस्थ भविष्य के लिए पेशेवरों को एकजुट किया है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि आरोग्य भारत की राष्ट्रीय सचिव डॉ. एके वर्शनेय ने चिकित्सा के क्षेत्र में फिज़ियोथेरेपी के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि



आधुनिक पुनर्वास को पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों के साथ जोड़कर फिज़ियोथेरेपिस्ट देश की स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'हेल्थ एक्सपो' में प्रदर्शित उपचार की नवीनतम तकनीकि एवं नए अन्वेषण स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों, विद्यार्थियों, रोगियों तथा उनके परिजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। आईएपी के अध्यक्ष डॉ. संजीव झा ने कहा, इस वर्ष का विषय 'सभी के लिए गतिः विद्यालय, खेल और समाज में फिजियोथेरेपी का मिलन' है जो फिज़ियोथेरेपी को जीवन के हर चरण में शामिल करने के हमारे सामूहिक मिशन को दर्शाता है। फिज़ियोथेरेपिस्ट केवल उपचारक नहीं हैं, बल्कि एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहभागी भी हैं। उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर से 2,500 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। दो दिवसीय सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्रों, विशेषज्ञ पैनलों, कार्यशालाओं और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से फिज़ियोथेरेपी की नवीनतम प्रगति और श्रेष्ठ पद्धतियों को प्रस्तुत किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माता पर डीपफेक वीडियोः एफआईआर दर्ज, भाजपा का बड़ा आरोप

एजेंसी
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माता हीराबेन की छवि का डीपफेक वीडियो बनाकर मज़ाक बनाने और अपमानित करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस और उसके जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह शिकायत भाजपा दिल्ली चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकेत गुप्ता की ओर से दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार, 10 सितंबर की शाम 6:12 बजे कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल आईएनसी बिहार से प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो साझा किया गया। यह वीडियो पूरी तरह से एआई/डीपफेक तकनीक से तैयार मनगढ़ंत सामग्री है। जिसमें प्रधानमंत्री को उनकी दिवंगत माता के साथ दिखाया गया है। भाजपा का आरोप है कि यह वीडियो प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा को धूमिल करने और संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से बनाया और प्रसारित किया गया।

शिकायतकर्ता संकेत गुप्ता ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में कहा, 'प्रधानमंत्री की दिवंगत माता साधारण जीवन और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उन्हें अब इस तरह के राजनीतिक प्रोपेगेंडा से खुद का बचाव करने का अवसर भी नहीं है। उनकी छवि और आवाज को छेड़छाड़ कर चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करना न सिर्फ प्रधानमंत्री की गरिमा पर हमला है, बल्कि मातृत्व और नारी सम्मान का भी घोर अपमान है।÷ उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार का कृत्य भारतीय समाज की उस मूल भावना पर चोट करता है, जो मां और बेटे के रिश्ते को पवित्र मानती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि हाल

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

ही में बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और आरजेडी की संयुक्त रैली के दौरान कुछ समर्थकों ने प्रधानमंत्री और उनकी माता पर अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल बार-बार सुनियोजित तरीके से इस प्रकार की हरकतें कर रहे हैं, जो न केवल राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ हैं बल्कि भारतीय परंपराओं और सामाजिक मूल्यों का भी अपमान है।

## ज्ञान भारतम् मिशन भारत की पांडुलिपि धरोहर को जीवित परंपरा के रूप में करेगा पुनर्जीवितः गजेन्द्र सिंह शेखावत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि ज्ञान भारतम् प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित पहल भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा में नया प्राण फूंकने का प्रयास है। 'श्रुति' और 'स्मृति' के बाद लिखित रूप में संरक्षित यह ज्ञान अब संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन के माध्यम से पुनर्जीवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल शैक्षणिक अभ्यास न होकर एक सांस्कृतिक नवजागरण है। पांडुलिपियों का संरक्षण, प्रकाशन और उपयोग तभी सार्थक होगा जब यह आम जनता से जुड़ेगा। गजेन्द्र सिंह शेखावत विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय ज्ञान भारतम सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल समापन रिपोर्ट प्रस्तुत की। संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद सरभाई ने दिल्ली घोषणा-पत्र



का औपचारिक वाचन किया, जिसे सर्वसम्मति से अपनाया गया। इस घोषणा ने भारत को विश्व की सबसे समृद्ध पांडुलिपि परंपराओं की भूमि घोषित करते हुए विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रसार का संकल्प लिया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि दिल्ली घोषणा-पत्र कोई साधारण दस्तावेज़ नहीं बल्कि एक सामूहिक संकल्प है, जिसकी शुरुआत भव्य है और भविष्य में और भी महत्वपूर्ण होगी। यह हमारे लिए एक प्रतिज्ञा है।

अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य स्पष्ट है- पांडुलिपियों का संरक्षण, प्रकाशन और आधुनिक तकनीक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से इन्हें सुलभ बनाना ताकि हर भारतीय अपने पूर्वजों की इस बौद्धिक धरोहर पर गर्व कर सके। जब तक यह ज्ञान सामान्य जन के व्यवहारिक जीवन से नहीं जुड़ेगा, तब तक आंदोलन अधूरा रहेगा। अतः हम सब मिलकर सुनिश्चित करें कि यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे और भारत पांडुलिपि परंपरा में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में सचिव, संस्कृति मंत्रालय विवेक अग्रवाल ने बताया कि सभी आठ कार्य-समूहों ने गहन विचार-विमर्श किया और अपनी प्रस्तुतियां प्रधानमंत्री के समक्ष रखीं।

## पूसा में 15 सितंबर से आयोजित होगा दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दिल्ली के पूसा में आगामी सोमवार से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2025' आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार, रबी फसलों के संबध में आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे जिसमें देशभर के कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, नीति-निर्धारकों एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें रबी फसलों की बुवाई सीजन से संबंधित तैयारियों, उत्पादन लक्ष्यों और रणनीतियों पर गहन चर्चा होगी। सम्मलेन में अनेक राज्यों के कृषि मंत्री, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक सहित अन्य संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन के पहले दिन केंद्र एवं राज्यों के अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा जबकि दूसरे दिन सभी राज्यों के कृषि मंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री एवं राज्यमंत्री चर्चा में भाग लेंगे। इस दौरान नवीनतम तकनीक एवं बीजों को किसानों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाए जाने के बारे में गहन चिंतन एवं समीक्षा की जाएगी। सम्मेलन में पहली बार कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया गया है जो क्षेत्रीय अनुभव एवं चुनौतियां को साझा करने के साथ आगे की रणनीति तय करेंगे।

## पारदर्शी मूल्यांकन के माध्यम से मजबूत बनेगा लोकतंत्र : विजेंद्र गुप्ता

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पारदर्शी मूल्यांकन के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत बनेगा और नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स राज्य विधानसभाओं के लिए एक मानक साबित होगा। विजेंद्र गुप्ता 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कर्नाटक के बेंगलुरु में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित इस सम्मेलन का विषय 'विधायी संस्थाओं में संवाद एवं चर्चा- जनविश्वास का आधार, जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम' था। गुप्ता ने कहा कि नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स लोकतांत्रिक शासन को मजबूत करने के लिए एक पारदर्शी और डेटा-आधारित उपकरण है। यह न केवल विधान संस्थाओं की उत्पादकता और गुणवत्ता को मापता है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रदर्शन में प्रगति और कमियों की पहचान भी करता है। राज्य विधानसभाओं के बीच तुलना से यह स्वस्थ प्रतियोगिता को बढ़ावा देगा, श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहित करेगा और आवश्यक सुधारों की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि जहां स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक शासन के लिए राज्य स्तर पर



विभिन्न मापदंड उपलब्ध हैं, वहीं अब तक विधानसभाओं के कार्यों और प्रभावशीलता को मापने का कोई समग्र तंत्र नहीं था। नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स इस महत्वपूर्ण कमी को पूरा करेगा। गुप्ता ने कहा कि विधायी गुणवत्ता का सीधा असर कानून निर्माण, कार्यपालिका की जवाबदेही, सार्वजनिक हितों की रक्षा और नागरिक सहभागिता पर पड़ता है। एक ऐसी विधानसभा जो रचनात्मक बहस करती है, प्रभावी प्रश्न उठाती है और ठोस शोध पर आधारित कानून बनाती है, वही लोकतंत्र को सुदृढ़ करती है और शासन को जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप बनाती है। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा ऐसे प्रयासों का समर्थन करती है, जो विकसित भारत 2047 की दृष्टि के अनुरूप हैं और विधानसभाओं को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और जनकेंद्रित बनाते हैं।

## जमीन के विवाद में करावल नगर में चलीं गोलियां, लोनी का युवक घायल

**नई दिल्ली ।** उत्तर पूर्व दिल्ली के करावल नगर थाना क्षेत्र में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फायरिंग में मूल रूप से लक्ष्मी गार्डन, लोनी (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला विशाल मावी (28) घायल हो गया। उसका इलाज जीटीबी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस की छानबीन के दौरान पता चला कि लोनी का रहने वाला विशाल नानक डेयरी, करावल नगर में रहता है। विशाल की 2-3 दिन पहले दूसरे पक्ष से तीखी नोकझोंक हुई थी।पुलिस के अनुसार, 12 सितंबर की शाम करावल नगर इलाके में अज्ञात हमलावरों ने विशाल पर अंधाधुंध फायरिंग की। गोली उसके पैर और हाथ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों से हमलावरों की पहचान की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने शोर मचाने पर हमलावर भाग निकले। घायल को तुरंत जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत स्थिर है, लेकिन पूर्ण रूप से खतरे से बाहर नहीं।

# विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर चर्चा हर विधानमंडल में होः हरिवंश

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि इस देश की जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है। हर विधायक और सरकार का यह सामूहिक दायित्व है कि वे भविष्य के लिए एक व्यापक दृष्टि रखें। हर राज्य अपनी विकास यात्रा के अलग-अलग चरण में हैं। इसलिए विकसित भारत 2047 के निर्माण की राह पर हर विधानमंडल में नियमित चर्चा होना आवश्यक है।

बेंगलुरु में आयोजित 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए हरिवंश ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा पूर्वनियोजित हंगामे ही सदन में सदस्यों के अनुशासनहीन व्यवहार की प्रमुख वजह हैं। उन्होंने कहा कि साल 1955 में राज्यसभा के पहले सभापति ने कुछ सदस्यों के आचरण पर उन्हें 'पेशेवर आंदोलनकारी' कहकर चेतावनी दी थी। कल्पना कीजिए, अगर वे आज देखते कि किस तरह व्यवधान को योजनाबद्ध संसदीय रणनीति के रूप में अपनाया



जा रहा है, तो उन्हें कैसा लगता। जब तक दल-प्रायोजित व्यवधानों पर रोक नहीं लगाई जाती, तब तक अव्यवस्थित सदस्यों के व्यवहार पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, 'यह हर सदस्य से पूछने का विषय है कि क्या संकीर्ण राजनीतिक हित राष्ट्रहित से ऊपर हो सकते हैं? दूसरी ओर यह पार्टी नेताओं से भी पूछा जाना चाहिए कि क्या उनके सदस्य सचमुच हर दिन सदन की कार्यवाही बाधित कर सहज महसूस करते हैं?' उन्होंने कई विधेयकों पर बहस न होने पर भी सवाल उठाया, जबकि उन पर दलों के बीच व्यापक सहमति रही है। ऑनलाइन मनी गेमिंग पर प्रतिबंध संबंधी विधेयक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को कई बार प्रश्नकाल और शून्यकाल में सदस्यों ने उठाया, राज्यों ने भी इस पर कार्रवाई की। फिर भी जब सरकार इस विषय पर विधेयक लाई, तो सदस्य सदन में हंगामा करने में व्यस्त रहे। इस संदर्भ में उन्होंने कहा, 'हमारी विधायी संस्थाओं का मूल लक्ष्य यह होना चाहिए कि वे अनिश्चितता के समय नागरिकों और व्यवसायों को स्थिरता और भरोसा प्रदान करें। देश हमसे ऐसी ही अपेक्षा करता है। इसलिए हमें अपनी विधायी संस्थाओं की विश्वसनीयता को हल्के में नहीं लेना चाहिए। तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के सभापतियों ने भाग लिया। सम्मेलन का समापन राज्यपाल ठाकुर चंद गहलोत और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में हुआ।

# अमित शाह 16 सितंबर को करेंगे एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स प्रमुखों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 सितंबर को नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार दो दिवसीय यह सम्मेलन नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर शाह एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट-2024 जारी करेंगे और ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान की भी शुरुआत करेंगे। सम्मेलन में 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के एएनटीएफ प्रमुखों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस वर्ष सम्मेलन का विषय 'संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी' है। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा-मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करना और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार करना है।सम्मेलन में मादक पदार्थों की आपूर्ति, मांग और नुकसान कम करने सहित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श होगा। साथ ही इनके राष्ट्रीय सुरक्षा निहितार्थों तथा मादक पदार्थों से संबंधित कानून प्रवर्तन को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की जाएगी। अवैध प्रयोगशालाओं, भगोड़ों की निगरानी, विदेशी अपराधियों के प्रबंधन और डार्क वेब एवं क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से हो रही तस्करी से निपटने के लिए होल ऑफ गवर्नमेंट अप्रोच को एजेंडे में प्रमुखता दी गई है। सम्मेलन के दौरान छह तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। इनमें 'नशा-मुक्त भारत ञ्च 2047' विषय पर चर्चा करते हुए मादक पदार्थों के खिलाफ होल ऑफ गवर्नमेंट अप्रोच को रेखांकित किया जाएगा। एकीकृत जांच पर केंद्रित सत्र में टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप अप्रोच की रणनीति पर विमर्श होगा। तीसरे सत्र में भगोड़ों पर नजर रखने और विदेशी अपराधियों के प्रबंधन के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण पर विचार किया जाएगा। चौथे सत्र का केंद्र प्रीकर्सर, सिंथेटिक ड्रग्स और क्लेन लैब्स होंगे। इसके अलावा, डार्क वेब और क्रिप्टो जांच पर विशेष सत्र होगा, जबकि अंतिम सत्र में वैश्विक तस्करी में मल्टी-मोडल कार्यप्रणाली पर विमर्श किया जाएगा।इन विचार-विमर्शों से ऐसे कार्रवाई योग्य परिणाम निकलने की उम्मीद है जो तकनीक, खुफिया जानकारी और सामुदायिक भागीदारी को एकीकृत कर नशे के खिलाफ जंग को और मजबूत करेंगे।

